सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443

वर्ष- 15 अंक - 191 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### जगदलपुर में महसूस किए गए भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के आमागुड़ा, कुम्हारपारा, पथरागुड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों आड़ावाल, सेमरा, करकापाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि यह भूकंप रात 8 बजकर 5 मिनट पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने मैन्युअल तरीके से गणना करके बताया कि जगदलपुर से 2 किमी दूर उत्तर पूर्व में 5 किमी गहराई पर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके बाद मोहल्ले में रहने वाले लोग डर के चलते घर से बाहर आकर खड़े हो गए। मौसम विभाग के मौसम वैज्ञनिक एचपी चंद्रा ने बताया कि बुधवार की दोपहर हैदराबाद से 30 किमी दूर 1 बजकर 30 मिनट में तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जबकि यह 2.6 की रफ्तार से आया हुआ था। अभी जगदलपुर में आये भूकंप के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। जब इसकी जांच की जाएगी तो पूरी जानकारी उपलब्ध की जाएगी।

### दुर्घटनावश चली गोली से एक जवान की मौत, दूसरा घायल

रायपुर। नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और 'बस्तर फाइटर्स' के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

# कल तय होगा 41 प्रत्याशियों का भाग्य

### दूसरे चरण में 3 सीटों पर शुक्रवार को होगी वोटिंग, कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दाँव पर

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में 3 सीटों पर कल 41 उम्मीदवारों का भाग्य तय हो जाएगा। इन तीनों सीटों पर भाजपा व कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दाँव पर है। इनमें सबसे प्रमुख राजनांदगांव की सीट है, जहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय पर भरोसा जताया है। वहीं महासमुंद सीट पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का राजनीतिक भविष्य तय होगा। भाजपा ने इस सीट पर नए चेहरे के रूप में रूपकुमारी चौधरी पर दाँव लगाया है। तीसरी सीट एसटी आरक्षित कांकेर में भी इस बार जोरदार मुकाबले की संभावना है। कांग्रेस ने यहां से बिरेश ठाकुर को उतारा है तो भाजपा ने भोजराज नाग को। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इन तीनों सीटों पर पराजय मिली थी।

छत्तीसगढ़ में अब दूसरे चरण के लिए तीन लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। ये तीनों ही सीटें सियासी तौर पर काफी अहम हैं। दूसरे चरण की तीनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंकी है। यहां तक की खुद प्रधानमंत्री मोदी दस सालों में पहली बार छत्तीसगढ़ में लगातार दो दिनों तक रूके। दूसरे चरण में जिन क्षेत्रों में मतदान होना है, उनमें कई नक्सल प्रभावित है। निर्वाचन आयोग ने इन इलाकों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोटिंग का वक्त तय किया है। जबकि बाकी जगहों पर वोटिंग पूर्ववत् समय तक रहेगी। 2019 के आम चुनाव की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस ने तीनों सीटों पर तो बसपा ने एक सीट पर चुनाव लड़ा था। तब भाजपा को 49.5 फीसद और कांग्रेस को 43.8 फीसद वोट मिले थे। बसपा के खाते में 6.7 फीसद मत आए थे। इस बार राजनांदगांव सीट पर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां पिछला चुनाव भाजपा के संतोष पाण्डेय ने एक लाख मतों के अंतर से जीता था। भाजपा ने उन्हें इस बार भी प्रत्याशी घोषित किया है। राजनांदगांव में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 65 हजार 175 है। इस लोकसभा सीट के तहत 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां के नक्सल प्रभावित इलाके मोहला-मानपुर में चुनाव सुबह 7:00 बजे से शुरू होकर 3:00 बजे तक चलेगा।

वहीं, घोर नक्सल प्रभावित कांकेर लोकसभा सीट पर भी कांटे की टक्कर है। यहां कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। यहां कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को दोबारा अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले 2019 का लोकसभा चुनाव वीरेश ठाकुर 5000 मतों के अंतर से हार गए थे। भाजपा ने भानुप्रतापपुर विधानसभा के पूर्व विधायक भोजराज नाग पर दांव खेला है। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। नक्सल प्रभावित कांकेर में 600 से ज्यादा मतदान केन्द्र अंति संवेदनशील हैं। यहां हाल ही में पुलिस के जवानों ने 29 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। महासमुंद सीट की बात करें तो यहां भाजपा ने बसना क्षेत्र की पूर्व विधायक रूपकुमारी चौधरी पर भरोसा जताया है तो कांग्रेस ने अपने पुराने दिग्गज ताम्रध्वज साहू को चुनावी मैदान में उतारा है। महासमुंद लोकसभा सीट पर 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 90 हजार है। 8 लाख 7 हजार पुरुष मतदाता और 8 लाख 90 हजार महिला मतदाता हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ में बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण का मतदान संपन्न हो चुका है।

### शुरू हुआ काउंट डाउन

दूसरे चरण में 3 सीटों के लिए काउंट डाउन शुरू हो गया है। तीनों सीटों पर 41 प्रत्याशी मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों का फैसला 52 लाख 84 हजार 938 मतदाता करेंगे। दूसरे चरण की तीनों सीटों में 6567 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। नक्सल प्रभावित इलाकों में भारी पुलिस और सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही मतदान केंद्र के बाहर सुरक्षा को देखते हुए सीआरपीएफकी तैनाती की गई है। गौरतलब है कि कांकेर में जवानों के द्वारा 29 नक्सलियों के एनकॉउंटर के बाद नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। वहीं सुरक्षा बलों ने इनको मुहतोड़ जवाब देने की भी तैयारी की है। अति संवेदनशील गरियाबंद के आमामोरा ओंड के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी को गुलाब फूल भेंट कर शुभकामनाएं दी। दोनों बूथ के लिए 6 दल के अलावा उतने ही संख्या में रिजर्व दल मिलाकर कर कुल 12 दलों को प्रशासन ने 48 घंटे पहले रवाना कर दिया। दलों को पुलिस परेड ग्राउंड में सेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया।

### राजनांदगांव में 60 कंपनियां तैनात

नक्सल प्रभावित राजनांदगांव लोकसभा सीट में मतदान के लिए तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां सीएपीएफ पैरामिलिट्री की 60 कंपनियों की तैनाती की गई है। इस लोकसभा क्षेत्र में चार जिले कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला मानपुर आते है। मोहला मानपुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। इसके अलावा कवर्धा जिला भी आंशिक नक्सल प्रभावित है। ऐसे में वोटिंग के दौरान इन दोनों क्षेत्रों में तैयारियां बढ़ा दी गई है। मोहला मानपुर में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। आईजीपी प्रभारी दीपक झा के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में पहले चरण में हुए चुनाव के दौरान गढ़चिरौली और गोंदिया बॉर्डर और एमपी के सीमावर्ती जिलों में राजनांदगांव से फोर्स भेजी गई थी, लिहाजा राजनांदगांव में चुनाव के दौरान वहां से मदद मांगी गई। वैसे, मोहला मानपुर के साथ ही बाकी के तीनों जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। सोर्स को भी एक्टीवेट कर दिया गया है. ताकी कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। झा ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद 12 चैक पोस्ट बनाए गए थे। यहां से अब तक 4000 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। मोहला मानपुर में सबसे ज्यादा शराब मिली है। भारी मात्रा में कैश भी जब्त किया गया है। वहीं कवर्धा में भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया। गुंडे बदमाशों पर भी कार्रवाई हुई है।

### स्टार प्रचारकों के दौरे जारी

इधर, भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के दौरे जारी है। कल 26 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आएंगे और बेमेतरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे दुर्ग के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में सभा करेंगे। वहीं, छग में नारी न्याय गारंटी को लेकर कांग्रेस का नया दांव अजमाने जा रही है। अलका लांबा महिलाओं के बीच जाकर गारंटी की जानकारी देंगी। लांबा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो तीन दिनों के दौरे पर कल रायपुर पहुंचेंगी। 26 से 28 अप्रैल तक कई क्षेत्रों में जाकर महिलाओं से मिलेंगी। कांग्रेस के नारी न्याय गारंटी योजना की महिलाओं को जानकारी देंगी। उनका भिलाई, बिलासपुर, रायपुर में कई कार्यक्रम तय किया गया है। वहीं अंतिम दौर के प्रचार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जांजगीर में सभा लेंगे तो बिलासपुर में राहुल गांधी का कार्यक्रम तय किया गया है। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी 29 अप्रैल को सभा को संबोधित करेंगे तो 30 अप्रैल को जांजगीर में मल्लिकार्जुन खरगे की सभा होगी।

# पीएम मोदी-राहुल गांधी के भाषणों पर चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस, 29 अप्रैल तक मांगा जवाब





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी और धर्म, जाति, संप्रदाय और भाषा के नाम पर लोगों के बीच नफ्रत फैलाने और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

### पीएम मोदी के राजस्थान में दिए भाषण पर हुआ विवाद

दरअसल पीएम मोदी ने बीते दिनों राजस्थान में एक रैली के दौरान कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के एक पुराने बयान का जिक्र किया, जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। इस मामले में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से अपील की थी कि पीएम मोदी का बयान विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण है और यह आचार संहिता का साफ उल्लंघन है। कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग से 140 पेज में 17 शिकायतें की।

### राहुल गांधी के दावे को भाजपा ने बताया झूठ

भाजपा ने भी 22 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में भाजपा ने कहा था कि राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने का झूठा वाद कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी ने भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में विभाजन पैदा करने और चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की।

### भाजपा-कांग्रेस अध्यक्षों को जारी किया गया नोटिस

चुनाव आयोग ने इस मामले में जन प्रतिनिधि कानून की धारा 77 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के आचरण के लिए पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है और दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को अपने उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों के आचरण की जिम्मेदारी लेनी होगी। खासकर शीर्ष पदों पर बैठे लोगों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान ऐसे भाषण और भी चिंताजनक है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# बस्तर में जवानों का खौफ, 18 नक्सलियों ने डाले हथियार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दंतेवाड़ा।** बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का लोन वर्राटू अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते 18 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नक्सली इलाकों में पुलिस का खौफ बना हुआ है। यहां लगातार नक्सली सरेंडर कर रहे हैं, अब दंतेवाड़ा पुलिस के सामने मारे जाने के डर से 18 और नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। इनमें ज्यादातर नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे, जो कि कई बड़े नेताओं के लिए काम करते थे।

बता दें कि कांकेर और बीजापुर मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके में घुसकर बड़े कैडर्स को मार गिराया था। अब नक्सलियों के छोटे कैडर्स में भी मारे जाने का डर बना हुआ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों का कहना है कि संगठन में रहकर वे मारे जा सकते थे। उन्हें अपना परिवार भी चलाना है। इसलिए उन्होंने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सली बड़े नेताओं के साथ मीटिंग की व्यवस्था करना, सड़क काटना, रेकी करना, हत्या करना, आईईडी प्लांट करने जैसी वारदातों में शामिल थे। जिन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष हथियार डाले हैं, वे हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून ''ए'' सेक्शन का कमांडर से लेकर डिप्टी कमांडर समेत कई सदस्य हैं।

### इन नक्सलियों ने किया सरेंडर

सरेंडर करने वालों में हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून ''ए'' सेक्शन का कमांडर हिड़मा ओयाम, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून सेक्शन की डिप्टी कमांडर कुमारी सामबती ओयाम, ककाड़ी पंचायत केएएमएस उपाध्यक्ष गंगी मड़काम, हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य केसू मड़काम , हुर्रेपाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य कमलू ओयाम, हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य सुरेश ओयाम, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य आयतु कलमू, हुर्रेपाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य सन्नू ओयाम, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य मनीराम पोड़ियाम, हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य सुखराम ताती, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य पाण्डू मुचाकी, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य बामन मुचाकी, हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य बुधराम कुंजाम, हुर्रेपाल पंचायत जंगल कमेटी सदस्य राजू ओयाम, हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य कुमारी हुंगी, हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया सदस्य लक्ष्मण कुंजाम, हुर्रेपाल पंचायत पंच कमेटी सदस्य सोमलू उर्फ सोमडू ताती और फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य राजू लेकाम शामिल हैं।

### 6 नक्सलियों ने किया था सरेंडर

बता दें कि हाल ही में बस्तर के किस्टाराम और कोंटा एरिया कमेटी में सक्रिय 6 नक्सलियों ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में सरेंडर कर दिया था। इनमें 3 महिलाएं शामिल थीं। इन नक्सलियों को पकड़ने के लिए 19 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इनमें से 1 पर 5 लाख, 3 पर 4-4 लाख और 2 नक्सलियों पर 1-1 लाख रुपए का इनाम था। 16 अप्रैल को छोटेबेटिया पुलिस थाना क्षेत्र के बीनागुंडा-कोरागुट्टा जंगलों के पास नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस मुठभेड़ में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इससे पहले बीजापुर की मुठभेड़ में भी 13 नक्सली मारे गए थे।

# आयुष्मान फार्म भरने पर भड़के सियान

श्रीकंचनपथ




राजनीति के लगातार बिगड़ते चेहरे से झल्लाए एक बुजुर्ग ने जमकर भड़ास निकाली। सेक्टर-9 मेन हॉस्पिटल के उत्तर में स्थित तालाब किनारे उनसे मुलाकात हो गई। वो इतने गुस्से में थे कि जुबान लड़खड़ा जा रही थी। बोले - कांग्रेस को राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। अब पार्टी में वह बात नहीं रही जो उसे एक महान राजनीतिक दल बनाती थी। कोई विचारधारा नहीं है। राहुल गांधी खूब मेहनत कर रहे हैं। जितना वो मेहनत करते हैं, उतना ही ट्रोल भी होते हैं। कांग्रेस की पूरी सेना चुपचाप बैठकर इसका तमाशा देखती है। ऐसे नेताओं को चुनाव से काफी पहले कांग्रेस छोड़ देना था। कुछ कुर्सियां खाली होतीं, कुछ नए चेहरों को मौका मिलता। यही हाल भाजपा का है। उनके पास दिखाने के लिए सिर्फ एक चेहरा है। उसी चेहरे को दिखाकर वो विधानसभा चुनाव जीतते हैं, लोकसभा चुनाव जीतते हैं और विदेश नीति भी चलाते हैं। चुनाव से ऐन पहले केन्द्र सरकार योजना जारी करती है और पूरी की पूरी भाजपा उसका प्रचार करने निकल पड़ती है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाएं एक हजार रुपये मिलने का फार्म भर रही थीं तो अब 70 पार के बुजुर्गों से पांच लाख रुपए वाले आयुष्मान कार्ड का फार्म भरवाया जा रहा है। क्यों भरवाया जा रहा है फार्म? क्या फार्म नहीं भरेंगे तो खुद को बुजुर्ग नहीं साबित कर पाएंगे? या योजना केवल उनके लिए है जो फार्म भरेंगे? भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए, पर कोई पूछने वाला भी तो हो। वैसे भी आयुष्मान योजना बीमारों के लिए है। जो बीमार नहीं हैं उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं है। कार्ड कितने का है इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता। सरकार ने बीमारियों के पैकेज बना रखे हैं। इस पैकेज रेट पर किसी भी अस्पताल में इलाज नहीं होता। वैसे भी सरकार ने बहुत सोच समझकर 70 पार के लोगों के लिए 5 लाख रुपए तक के इलाज की योजना बनाई है। जो शरीर 70 साल तक बिना मरम्मत के चल गया हो, इतना तो तय हो ही जाता है कि उसमें कोई मैन्यूफैक्चरिंग डिफेक्ट नहीं है। उसका चेसिस और बॉडी फिट है। उम्र के साथ थोड़ा धुआं तो छोड़ेगी ही। पर यह इंसानी शरीर है जिसका न तो इंजन बदला जा सकता है और न ही क्लच प्लेट। रही बात वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों की तो इसका इलाज करो या न करो, दोनों बराबर होता है। मामूली बीमारियां होती हैं जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही हो जाता है। वैसे भी 70 पार के अधिकांश लोगों के पास जन्म का कोई प्रमाणपत्र नहीं है। उनका जन्म घर पर हुआ था। इसलिए जो उनके आधार कार्ड में लिखा है, वही सही है। अभी भी लोग राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर अस्पताल जाते हैं तो आयुष्मान कार्ड वहीं निकल जाता है। ये दोनों कार्ड उसके पास भी हैं, फिर फार्म क्यों? यह सरकारी खर्च पर चुनाव प्रचार है।

Digital Display Board
के माध्यम से
अपने व्यवसाय को दें
नई पहचान...



19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
• रायपुर
• दुर्ग
• बिलासपुर
• कोरबा
• रायगढ़
• चांपा
• मुंगेली
Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

# समान आय वितरण

अत: ऐसे में आय के पुनर्वितरण की चर्चा शायद गलत नहीं कही जाएगी। इस पर हरेक पार्टी का अपना-अपना नजरिया हो सकता है। फिलहाल, सत्ता पक्ष और विपक्ष का इस मोर्चे पर परस्पर भिन्न विचार अचरज में नहीं डालता है। खासकर, कांग्रेस के घोषणापत्र के बाद यह विषय उसके विरोधियों के लिए एक हथियार बन गया है। वैसे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस पर सफाई दी है कि देश के जिन चुनिंदा 22 अमीरों या कंपनियों को सरकार की ओर से 16 लाख करोड़ रुपये की राहत मिली, उसमें से थोड़ी सी राशि उनसे वापस लेकर देश के 90 प्रतिशत लोगों या गरीबों में वितरित कर दी जाएगी।

> “भारत में असमानता शुरू से ही अकादमिक विषय रही है, पर इस विषय का सियासत में अचानक गूंज उठना बहुत हद तक सुखद भी है और विचारणीय भी। कोई दोराय नहीं कि किसी सरकार की नीतियों की वजह से ही किसी देश में आर्थिक असमानता बढ़ती है और भारत में आजादी के पहले से ही घोर असमानता रही है। मगर इधर आर्थिक उदारीकरण की नीतियों के बाद आर्थिक असमानता बढ़ी है।

मतलब, कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि आय-पुनर्वितरण का विषय चंद उद्यमियों तक सीमित है, जिनसे धन वापस लेकर गरीबों में बांटा जाना है। काश! यह विषय वाकई गंभीर विमर्श का विषय बन पाता। दरअसल, हमारे देश में तमाम राजनीतिक पार्टियां बड़े उद्यमियों या बड़ी कंपनियों से चंदा लेती हैं, तो स्वाभाविक है, उनसे बहुत कड़ाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का उदाहरण तो हमारे सामने है। सरकार सीएसआर के तहत कंपनियों के मुनाफे का एक छोटा हिस्सा वसूलना चाहती थी, पर कंपनियां इसके लिए तैयार नहीं हुईं। तब कंपनियों को ही कहा गया कि वे मुनाफे का करीब दो प्रतिशत हिस्सा समाज-कल्याण पर स्वयं खर्च करें और सरकार को केवल सूचना दे दें। हमारे देश में भले ही लोक-कल्याण की राजनीति होती है, पर देश मूलत: पूंजीवादी स्वभाव रखता है। ऐसे में, साल 2000 के बाद भारत में असमानता तेजी से बढ़ रही है। एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास देश की 22 प्रतिशत से ज्यादा आय और 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है। एक विकासशील देश में ऐसी असमानता निश्चित रूप से राजनेताओं का प्रिय विषय बने, तो इससे देश को लाभ होगा। आगामी सरकारों को देर-सबेर यह मुद्दा वाकई गंभीरता से उठाना पड़ेगा, इस पर कोरी राजनीति देश के किसी काम नहीं आएगी। ठीक इसी तरह विरासत कर का मुद्दा भी अचानक उभर आया है। विरासत कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था का एक पहलू है, जहां किसी अमीर व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति का पूरा हिस्सा उत्तराधिकारी तक नहीं जाता है, करीब 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार ले लेती है। सच्चे पूंजीवादी देशों में शेयर की भावना प्रबल होती है, जबकि कथित क्रोनी कैपिटलिज्म में कमाई को लोग शुद्ध रूप से निजी पुरुषार्थ मानते हैं। यह संजीदा विषय है, भारत में इसकी चर्चा लोगों को नाराज कर सकती है, लेकिन यह विषय इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कभी उठाया था और आज उनकी निंदा हो रही है। कांग्रेस ने उनकी टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया है, पर उसे सियासी नुकसान हो सकता है। भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। हालांकि, सियासत अक्सर समस्याओं के बखान में ज्यादा खर्च होती है, क्योंकि समाधान के रास्ते लंबे होते हैं, पर ये रास्ते देर-सबेर तय करने पड़ेंगे।

## स्कूल वाहनों के हादसे : आशंकाओं से भरा खतरनाक रास्ता!

पंकज चतुर्वेदी

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में सड़क हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई। 15 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। चूंकि माहौल चुनाव का है सो प्रधानमंत्री से लेकर विधायक तक सक्रिय हो गये। कुछ कार्रवाई होती भी दिख रही है। जो बस सड़क पर चल रही थी, उसका अनफिट होने के कारण एक महीने पहले भी 15 हजार का चालान हुआ था। सब जानते थे कि बस चलाने वाला शराब पिए है और उसकी ड्राइविंग बेलगाम थी, इसके बावजूद बस सड़क पर चलती रही। अभी इस दुर्घटना के बाद सड़कों पर बसों की जांच और चालान की औपचारिकता चल ही रही थी कि यमुनानगर में स्कूली बच्चों से भरा एक तिपहिया पलट गया, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई। सात बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। जो वाहन महज तीन सवारी के लिए परमिट प्राप्त है, उसमें 12 से अधिक बच्चे भरे थे। सड़क पर चलने के लिए नाकाबिल वाहन, क्षमता से अधिक बच्चे, बेतहाशा गति, अकुशल चालक स्कूल जाने वाले बच्चों को लाने ले जाने में लिप्त वाहनों के मामले में सारे देश की यही एक-सी तस्वीर है। दिल्ली के वजीराबाद पुल पर लुडलो केसल स्कूल की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 28 बच्चों की मौत के बाद सन? 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली बसों के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार स्कूल बस पीले कलर की होनी चाहिए। इसके साथ ही उस पर स्कूल बस जरूर लिखा होना चाहिए। बस में फर्स्ट-एड बॉक्स होना जरूरी है और बस की खिड़की में ग्रिल लगी होनी चाहिए। इसके साथ ही बस में आग बुझाने वाला यंत्र भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर भी होना चाहिए। यही नहीं, दरवाजों पर ताले लगे हों और बस में एक अटेंडेंट भी हो। सबसे बड़ी बात कि अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। यह निर्देश दिल्ली में ही हवा-हवाई हैं।

और अब तो स्कूल पहुंचने की राह में बड़ा खतरा ओमनी वैन हैं जिसमें अतिरिक्त सीटें लगा कर क्षमता से दोगुने नहीं तीन गुणा अधिक बच्चे बैठना, उनकी अंधाधुंध स्पीड और सबसे अधिक उसके चालकों का संदिग्ध व्यवहार नए किस्म का खतरा है। देश में आए रोज बच्चों के यौन शोषण में ऐसे वाहन चालकों की संलिप्तता सामने आती है। बसों के मामलों में तो स्कूल को जिम्मेदार बना दिया जा सकता है लेकिन वैन में ओवर लोडिंग, दुर्व्यवहार और दुर्घटना होने पर स्कूल हाथ झटक कर अलग हो जाते हैं। बीते कुछ सालों में बैटरी चालित रिक्शा स्कूल की राह का एक खतरनाक साथी बना है। इसमें बेशुमार संख्या में बच्चों को भरना, प्रतिबंधित या तेज गति के वाहनों वाली सड़क पर संचालन करना और अनाड़ी चालक होने के कारण इनके खूब एक्सीडेंट हो रहे हैं। बीते कुछ सालों में विद्यालयों में बच्चों का पंजीकरण बढ़ा है। स्कूल में ब्लैक बोर्ड, शौचालय, बिजली, पुस्तकालय जैसे मसलों से लोगों के सरोकार बढ़े हैं, लेकिन जो सबसे गंभीर मसला है कि बच्चे स्कूल तक सुरक्षित कैसे पहुंचें? इस पर न तो सरकारी और न ही सामाजिक स्तर पर कोई विचार हो पा रहा है। इसी की परिणति है कि आए रोज देशभर से स्कूल आ-जा रहे बच्चों की जान जोखिम में पड़ने के दर्दनाक वाकिये सुनाई देते रहते हैं। परिवहन को प्राय: पुलिस की ही तरह खाकी वर्दी पहनने वाले परिवहन विभाग का मसला मान कर उससे मुंह मोड़ लिया जाता है। दरअसल बढ़ते पंजीकरण को देखते हुए बच्चों के सुरक्षित, सहज और सस्ते आवागमन पर जिस तरह की नीति की जरूरत है, वह नदारद है। निजी स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं, स्कूलों की अपनी बसों की संख्या सीमित हैं, औसतन 1000-1500 बच्चे इनसे स्कूल आते हैं। शेष का क्या होता है? यह देखना रोंगटे खड़े कर देने वाला होता हैं। पांच लोगों के बैठने के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस पाए वैन में 12 से 15 बच्चे ठुंसे होते हैं। बैटरी रिक्शे में दस बच्चे 'आराम' से घुसते हैं। दुपहिया पर बगैर हैलमेट लगाए अभिभावक तीन-तीन बच्चों को बैठाए रफ्तार से सरपट होते दिख जाते हैं। रोज एक्सीडेंट होते हैं, क्योंकि यही समय कालोनी के लोगों का अपने काम पर जाने का होता है। ऐसा नहीं है कि स्कूल की बसें निरापद हैं, वे भी 52 सीटर बसों में 80 तक बच्चे बैठा लेते हैं। यहां यह भी गौर करना जरूरी है कि अधिकांश स्कूलों के लिए निजी बसों को किराए पर लेकर बच्चों की ढुलाई करवाना एक अच्छा मुनाफे का सौदा है। ऐसी बसें स्कूल करने के बाद किसी रूट पर चार्टेड की तरह चलती हैं। तभी बच्चों को उतारना और फिर जल्दी-जल्दी अपनी अगली ट्रिप करने की फिराक में ये बस वाले यह ध्यान रखते ही नहीं है कि बच्चों का परिवहन कितना संवेदनशील मसला होता है। इस दिशा में सबसे पहले तो विद्यालय से बच्चे के घर की दूरी अधिकतम तीन से पांच किमी का फार्मूला लागू करना चाहिए। स्कूल का समय सुबह 10 बजे से करना, सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करना, प्रयुक्त वाहनों में ओवरलोडिंग या अधिक रफ्तार से चलाने पर कड़ी सजा का प्रावधान करना, असुरक्षित साधनों के लिए कड़े मानदंड तय करना समय की मांग है।

## नजरिया

> “ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है।

# संकटों से घिरती दुनिया

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार 'ईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है।'

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, 'हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं।' वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी।

आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरुद्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया।

इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस' नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं।

इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी। हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, 'अगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा।'

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा।

लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री बिशेर खसावनेह का कहना है कि क्षेत्र में कोई भी तनाव 'खतरनाक रास्ते' की ओर ले जाएगा और सभी पक्षों को तनाव करने तथा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ईरान द्वारा आकस्मिक बड़े आक्रमण के बाद इजराइल ने स्वीकार किया, 'इन हमलों से केवल हमारे एक सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई है, और अधिकांश हवाई खतरों को रोक दिया गया।'

उधर, अमेरिका जी-7 देशों (कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके तथा यूएसए) की आपात बैठक में इस समस्या पर विचार-विमर्श करेगा। संयुक्त राष्ट्र और नाटो ने इस मामले पर बैठक बुलाई है। इजराइल ने 24 घंटे के अंदर काउंटर अटैक करने की बात तो कही है, किन्तु वह भी भलीभांति जानता है कि भले ही अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैंड सहित अनेक देशों का उसे साथ मिल रहा है, किन्तु यूक्रेन की तरह स्वयं को ही परिणाम भुगतना पड़ेगा।

दूसरी ओर, ईरान का साथ देने के लिए रूस, चीन और उत्तर कोरिया नजर टिकाए हुए हैं। भारत भी ऊहा-पोह की स्थिति में है, क्योंकि ईरान और इजराइल के साथ उसके मित्रवत संबंध हैं। इसलिए भारत इजराइल को संयम, नियम एवं धैर्य से काम लेने की सलाह दे रहा है। इजराइल भी इस समय असमंजस में है, क्योंकि हमास, हुती और हिजबुल्लाह (एच-3) के साथ चौथे मोर्चे पर ईरान संभल कर जवाब देना चाहेगा किन्तु नेतन्याहू अपनी सुरक्षा और प्रतिष्ठा के कारण ईरान पर कार्रवाई करते हैं, तो इस महासमर में विरोधी और समर्थक देशों के जुड़ने के आसार भी बहुत बढ़ जाएंगे। कहीं जवाबी हमला अपनी सीमाओं से हटकर दुनिया के अन्य देशों को भी अपनी चपेट में न ले ले। यदि संकटों से घिरती दुनिया पर समय पर ध्यान नहीं दिया गया, तो कल बहुत देर हो जाएगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ताकि हमारे शहरों में भी सबको हासिल हो जाए अपना घर

विद्या महांबारे, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, जीएलआईएम

संयुक्त राष्ट्र की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महज तीन प्रतिशत भूमि शहरों के हिस्से में आई है और ये अर्थव्यवस्था में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। देश में किफायती व गुणवत्तापूर्ण आवास की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार ने दिसंबर 2024 तक सभी को आवास मुहैया कराने के लिए जून 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) की शुरुआत की थी। योजना के तहत स्वीकृत करीब 1.17 करोड़ घरों में से लगभग 82 लाख का निर्माण पूरा किया जा चुका है। वहीं योजना के ग्रामीण संस्करण, पीएमएवाई-ग्रामीण के तहत 2.95 करोड़ लक्ष्य में से 2.50 करोड़ नवंबर 2023 तक बन चुके थे। आवास योजना के शहरी संस्करण में घरों के बनने की दर कम है और इसके तहत निर्मित कई घर खाली पड़े हैं।

आवास योजना के शहरी और ग्रामीण संस्करण का अंतर हमें क्या समझाता है? आखिर हमारे शहरों में निजी आवास की उच्च लागत के बावजूद सार्वजनिक आवास की शहरी मांग कम क्यों दिखाई देती है? आवास और शहरी मामलों की स्थायी समिति ने 2022 में यह दर्ज किया था कि शहरी आवास योजना के तहत कई घर रहने योग्य स्थिति में नहीं हैं, कहीं खिड़की-दरवाजे गायब हैं, तो कहीं असामाजिक तत्वों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उसी वर्ष, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में पीएमएवाई-यू के तहत लाभार्थियों के चयन से संबंधित कई मुद्दों का उल्लेख किया गया था। जैसे, कर्नाटक में कुछ लाभार्थियों को एकाधिक बार घर मिल गए, तो कुछ अपात्रों को भी घर दे दिए गए।

यह भी सोचने वाली बात है कि शहरों में इस योजना के तहत घरों की मांग कम क्यों रही? सबसे पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास सब्सिडी का उपयोग परिवारों के स्वामित्व वाली भूमि पर घर बनाने के लिए किया जाता है। गांव में निवास का स्थान सरकार नहीं, बल्कि लोग स्वयं तय करते हैं। दूसरी ओर, शहरी सार्वजनिक आवास ऐसे विकल्प की पेशकश नहीं करते हैं। दूसरी बात, इस योजना के तहत ग्रामीण घर एकल इमारत या निर्माण हैं, जबकि अधिकांश शहरी आवास अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के तहत बने हैं। ऐसे आवासीय परिसर में अनेक मकान बनते हैं और अनेक संसाधनों का साझा उपयोग होता है। ऐसे में, सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग भी होता है और अंतत: ये आवास खराब-रखरखाव के शिकार हो जाते हैं।

तीसरी बात, शहर में लोग ऐसी किसी जगह पर नहीं रहना चाहते, जहां उनके सुधार या विकास की संभावनाएं न हों। बेहतर पड़ोस या बेहतर जगह रहने से बच्चों की बेहतर स्कूली शिक्षा के साथ ही रोजगार की भी ज्यादा संभावना रहती है। चौथी बात, शहरों में एक बड़ी आबादी बाहर से आती है। ऐसे लोग सार्वजनिक आवास या किराये के अपार्टमेंट में जाना पसंद नहीं करते हैं। प्रवासियों के लिए स्थानीय सरकारी अधिकारियों से निपटना भी टेढ़ी खीर है। क्या शहरों में सबको आवास मुहैया कराने के लिए आवास नीति एक नया दृष्टिकोण अपना सकती है? 2015 की राष्ट्रीय शहरी किराया आवास नीति में चयनित शहरों में रेंटल वाउचर योजना और एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए फंड के प्रावधान का उल्लेख है। अगर किसी के पास आवास नहीं है, तो उसे सरकार किराया वाउचर दे सकती है, ताकि वह किराया चुका सके। कई देशों में परिवारों को ऐसी ही नीति के तहत आवास सुविधा मिली हुई है। एक चिंता यह भी है कि हमारे शहरों में आवास-किराया इतना अधिक हो गया है कि किराया सब्सिडी देने के बाद भी निजी आवास शहरी गरीबों के लिए बहुत हद तक दुर्लभ सुविधा रहेंगे।

शहरी आवास की आपूर्ति बढ़ाई जा सकती है, यह सरकार ने भी विधिवत स्वीकार किया है। सबसे पहले, किराया संबंधी नीतियों को आसान बनाकर ऐसे निजी आवासों को खोला जा सकता है, जो बंद पड़े हैं। शहरी किराया वाउचर योजना को सफलतापूर्वक लागू करना आसान नहीं है, पर ध्यान रहे, अधिकांश बड़े और अच्छे सुधार कठिन होते हैं और उनका विरोध भी होता है। यदि भारत को एक समृद्ध राष्ट्र बनना है, तो हमारे शहर इसके मूल में होंगे और चुनाव बाद शहरी आवास नीति पर पुनर्विचार करना ही पड़ेगा।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

## गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें


कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा। आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की।

2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वागीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया। ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है। देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। नि:संदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है। स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है। किसी भी समाज की प्रगति तभी नजर आती है, जब उसका सर्वागीण विकास हो रहा हो। कहना न होगा कि आर्थिक असंतुलन ने हमारे संकटों को बढ़ाया है। यह चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है।

# समाज का स्याह और चमकीला पहलू

पंजाबी लोक गायक अमर सिंह चमकीला के बहाने सही मुद्दे पर चर्चा का समय आ गया है। यह तय करना होगा कि हमारे लिए जरूरी क्या है और हमारी सीमाएं क्या होनी चाहिए?

जयंती रंगनाथन, कार्यकारी संपादक,



एक चरित्र 'चमकीला' की इधर बहुत चर्चा है। क्या एक 'चमकीला' हम सबके भीतर रहता है? सालों पहले मुंबई में एक लावणी-प्रस्तुति के दौरान मेरे एक मित्र मराठी गीत के बोल मुझे हिंदी में अनुवाद करके बता रहे थे। कह रहे थे कि ये प्रसिद्ध मराठी लोकगीत है। उन्होंने बचपन में मोहल्ले की औरतों को गाते सुना था- अत्तराचा फाया तुम्ही मला आण राया/ विरहाचे ऊन बाई/ देह तापवून जाई/ धरा तुम्ही माझ्यावरी/ चंदनाची छाया। मतलब - इत्र के फाहे तुम मेरे लिए ले आना, बाहर की आग से ज्यादा मेरे अंदर है आग। तुम अपनी चंदन सी छाया मुझे ओढ़ा देना।

पिछले सप्ताह ओटीटी पर पंजाब के लोकप्रिय लोक गायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर बनी फिल्म देखते हुए मुझे उस लावणी गीत की बेतहाशा याद आई। चमकीला पंजाबी में ऐसे ही गाने लिखते और गाते थे। वह कहते थे, मैंने बचपन में यही सब देखा है। गाने के बोल उन्होंने अपने आसपास की जिंदगी से उठाए। ऐसी जिंदगी, जो गांव-देहात और कस्बों में आम लोग जीते थे। 1960 में पंजाब के एक छोटे से गांव दुगरी के दलित सिख परिवार में जन्मे धन्नी सिंह का बस एक छोटा सपना था इलेक्ट्रिशियन बनने का। धन्नी सिंह को तुंबी बजाने का शौक था। लुधियाना के एक कपड़ा मिल में काम करते हुए धन्नी को लगा कि उन्हें अपने मन का कुछ करना चाहिए। वह अपने मन से गीत बनाने लगे। ऐसे बोल, जो उस समय पसंद किए जाते थे। उन बोलों में खिलंदड़ापन भी था, बदमाशी, छेड़छाड़ भी थी और प्रेम व अश्लीलता भी।

रातोंरात अमर सिंह चमकीला पंजाब का सितारा बन गए थे। उनके लिए एक खिताब भी गढ़ा गया- पंजाब का एल्विस प्रेस्ली। चमकीला को सुनने गांव-देहात की महिलाएं भी आती थीं, जो उनको सुनने के लिए घरों की छतों पर जम जाती थीं। 1980 के दशक में उनके गीतों के कैसेट पंजाब में रिकॉर्ड तोड़ बिकते थे। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने अमर सिंह चमकीला की भूमिका में पंजाब व बॉलीवुड के एक चिर-परिचित चेहरे दिलजीत दोसांझ को लिया है। यह फिल्म एक दौर का दस्तावेज भर नहीं है। हालांकि, फिल्म में चमकीला की जाति को लेकर न्यूनतम जिक्र हुआ है, लेकिन उनके निधन के 36 साल बाद आज भी यू-ट्यूब और दूसरे चैनलों पर उनके एक करोड़ से अधिक श्रोता हैं।

प्रसिद्ध संगीतज्ञ और लेखक गिब स्क्रेफलर ने अपनी किताब में चमकीला और अमरजोत को 'कमर्शियल फोक गायक' कहा है। उन्होंने लिखा है, उनका मकसद लोगों का मनोरंजन करना था। कोई अचरज नहीं, चमकीला पर फिल्म आने के बाद अचानक गूगल, यू-ट्यूब, स्पॉटीफाई और अन्य सोशल मीडिया में लोग उनके बारे में जानने को उत्सुक हो गए हैं। एक लोकगायक बड़े सामाजिक विमर्श की वजह बन गया है। प्रश्न यह है कि क्या चमकीला आज भी प्रासंगिक हैं? क्या उन पर जो आरोप चार दशक पहले लगे थे, वे सही थे? क्या फिल्म बनाकर एक 'अश्लील' गायक को महिमामंडित किया जा रहा है?

वैसे, अश्लीलता की परिभाषा बहुत महीन है। गौर कीजिए, हमारे देश की नाना लोक संस्कृतियों में द्विअर्थी गाने सदियों से गुंथे हुए हैं। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक। जब यह सब शुरू हुआ होगा, तब मनोरंजन और प्रहसन के लिए कोई आधुनिक माध्यम नहीं था। सामाजिक परिवेश भी अलग था। त्योहारों और मेल-मिलाप के दौरान मस्ती के माहौल में कुछ रियायतें ले ली जाती थीं। प्रेम, यौनिक ठिठोली, छेड़छाड़ और वर्जित विषयों पर चुटकियां लेना आम बात थी।

अगर आप देखें, तो शादी-ब्याह में गाली वाले प्रहसन, गीत, महाराष्ट्र में लावणी, हिमाचल की सीमा के आसपास मनाया जाने वाला पर्व होलाच, औरंगाबाद का देव उत्सव, होली में फगुआ के दौरान वही पुरानी परंपरा और लोक गाने देखने-सुनने को मिलते रहे हैं। भोजपुरी, मगही, बुंदेली और मैथिली के लोकगीतों में भी मानव भावनाओं का अपेक्षाकृत स्याह, मगर चमकीला-सा पहलू बार-बार उभर आता है। ऐसे गीतों का हमारे समाजों में हमेशा से विशेष स्थान रहा है। ऐसे गीत गुजरात में भी गाए जाते थे और कन्नड़ में भी। दुनिया के मशहूर लेखकों में शुमार सआदत हसन मंटो और इस्मत चुगताई पर सालों तक अश्लील लेखन का तमगा लगा रहा और उन्हें अदालतों में भी घसीटा गया। मुख्यधारा के साहित्य से भी कभी अश्लीलता को दूर नहीं किया जा सका, अक्सर विमर्श को इस दिशा में मोड़ दिया गया कि अश्लीलता देखने या सुनने वाले की निगाह या मन में है। यह तर्क तो और भी पुराना है कि लोग सुनते हैं, इसलिए ऐसे गीत बनते हैं। दुनिया का शायद ही कोई ऐसा कोना या समाज होगा, जहां थोड़ी मात्रा में रचनात्मक अश्लीलता न होगी।

तमिल फिल्मों के शीर्ष निर्देशक मणिरत्नम ने भी तकरीबन अपनी हर फिल्म में एक द्विअर्थी और भदेस गीतों का इस्तेमाल किया है। रोजा फिल्म के गीत रुक्मिणी, शादी के बाद क्या-क्या हुआ गीत के संदर्भ में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैंने बचपन से यही देखा है। मोहल्ले में किसी की भी शादी हो, हर कोई आनंद में डूबने लगता है, संवाद की शैली बदलने लगती है, बड़े-बूढ़ों को छेड़ना, ढके-छिपे शब्दों में यौन संबंधों की बातें करना, यह सब बहुत सामान्य हो जाता है। लगभग सबको इसमें मजा आता है। हम इसे केवल अश्लील कहकर दबा नहीं सकते।'

यह सही है कि अश्लील और श्लील के बीच का सूत भर का फर्क सालों में मिटता चला गया है। इसके पीछे कई वजहें रही हैं। तेजी से बदलता हमारा समाज, शिक्षा, जीवनशैली और सोच। गांव अब गांव नहीं रह गए। हर कहीं एक शहर घुस आया है और शहरों की लंपटता व लिप्सा के आगे कोई टिक नहीं पाया। कोई सीमा नहीं रह गई। कोई सेंसरशिप नहीं रह गया। न सोच में, न विचार में। सवाल यह भी उठता है कि अश्लीलता की आड़ में अनेक युवा मनमानी करते हैं। समाज में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि अश्लील गीत उन पर चोट करते हैं। रही-सही कसर स्मार्टफोन ने पूरी कर दी है। अश्लील रील व फिल्मों की बाढ़ आ गई है।

बेशक, चमकीला के बहाने सही मुद्दे पर चर्चा का समय आ गया है। यह तय करना होगा कि हमारे लिए जरूरी क्या है और हमारी सीमाएं क्या होनी चाहिए?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना

Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने मतदान करने का लिया संकल्प

**राजनांदगांव।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव शहर के दिग्विजय स्टेडियम के सामने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने आकर्षक वेशभूषा में पहुंचकर 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप सु सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं द्वारा मतदान करने के लिए संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने सभी वर्ग की महिलाएं तिरंगे के रंग में दिखाई दी। महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए मेहंदी लगाई और विशाल स्वीप रंगोली बनाया। महिलाओं द्वारा अपने हाथों में विभिन्न प्रकार के मेंहदी की आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

### मतदाताओं को जागरूक करने लगातार किये जा रहे नवाचार

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर जिले में मतदातओं को जागरूक करने नवाचार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के ग्राम मुजगहन में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगे मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी नारा-स्लोगन लिखे गये। साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, आसपास काम करने वाले मजदूरों को आगामी 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा तथा शपथ भी दिलाई जा रही। इसके साथ ही जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफआर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। इस अनोखी कलाकारी और मतदाताओं के जागरूकता के लिए की गई उनके हुनर की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशंसा भी की।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान के लिए ली सामूहिक शपथ

**कोरबा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जनपद पंचायत कटघोरा के शुभ-सबेरा महिला संकुल संगठन बतारी में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी टी. पी. उपाध्याय एवं जिला मुख्य आयुक्त मो.सादिक शेख भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मार्गदर्शन में विगत दिवस रानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम की लीडर उत्तरा मानिकपुरी के रेंजर्स ने रंगोली एवं शॉर्ट वीडियो के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। स्काउट गाइड ने डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस डिप्टी सीएम शर्मा ने लगाया जोर

# भूपेश बघेल को राजनांदगांव से वापसी का टिकट थमाने जनता तैयार : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है मतदान पूर्व प्रचार प्रसार के लिए नियत अंतिम दिवस बुधवार को लोहारा मंडल के दर्जनों गाँव पर सभा और जनसंपर्क कर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ताकत झोंकी। चुनाव प्रचार सभा के लिए निर्धारित अंतिम दिवस पर ग्राम कोयलारी,बामी, सिंघनपुर,खोलवा,रक्से,बबई, पवनतरा सहित अनेको गाँव मे सभा आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा पूरे 5 वर्ष जनता को ठगने वाले भूपेश बघेल को वापिसी का टिकट थमाने कवर्धा की जनता तैयार है ।**

उन्होंने कहा अपने घोषणा पत्र में 500 रुपए महिलाओं को देने की बात करने वाले भूपेश बघेल ने 1 रुपये महिलाओं को नही दिया ये अब दूसरे तरीके से जनता को ठगने का प्रयत्न कर रहे है फर्जी फार्म भराते घूम रहे है। काँग्रेस अपने इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है सरकार बनाने का सवाल ही पैदा नही होता ऐसे में घोषणा पत्र का कोई महत्व ही नही रह जाता । पूरे देश मे काँग्रेस अब चर्चा का विषय ही नही रहा जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।



विजय शर्मा ने कहा देश मे अब एक ही ग्यारंटी चलती है वो है मोदी ग्यारंटी उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ की जनता को जो ग्यारंटी दी उसमें से सभी बड़े वादे विष्णुदेव की सरकार ने तय समय मे पूरी कर दी । आने वाले समय मे अन्य गारण्टी पूरे होने के साथ विकास को भी गति मिलेगी ।

उन्होंने कहा पहले काँग्रेस कार्यकाल में सिर्फ वादे होते थे चुनावी जो सदियों पूरे नही होते थे मोदी जब से प्रधानमंत्री बने है जिन कार्यो का भुमिपूजन वे करते है तय समय मे उन बड़े बड़े कार्यो का लोकार्पण भी करते है । मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के तहत देश के करोड़ो लोगो को उद्यमी बनाया तो दूसरी ओर नारी शसक्तीकरण को लेकर बड़े फैसले लिए । देश मे मोदी ही है जिनपर लोगो को भरोसा है ।किसान सम्मान निधी हो या जनधन खाते खोलना हर योजनाओ का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुँच रहा है । मोदी के कार्यकाल में बड़े बड़े कार्य हुए है बहुत से कार्य और होने है देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है राजनांदगांव सहित 11-11 लोकसभा सीट पर मोदी का कमल खिलने वाला है ।उन्होंने कवर्धा की जनता से अधिक से अधिक मतदान कर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे को जिताने का आव्हान किया। इस दौरान मोदी पर बनाये गाने पर डंडा नृत्य के साथ विजय शर्मा का ग्राम सिंघनपुरी में स्वागत किया। इस दौरान सभा जनसम्पर्क कार्यक्रम में लोहारा मंडल के अध्यक्ष सहित सभी बड़े पदाधिकारी ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नागरिकों की पैतृक संपत्ति छीनना चाहती है कांग्रेस : बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि कांग्रेस का देश की जनता को नया कानून बनाकर मनमाने तरीके से लूटने का खतरनाक मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं।**



कभी राजीव गांधी के सलाहकार रहे आज राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने सरकार आने से पहले ही देश के मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं, उन पर मनमाना टैक्स लगाने और जनता की संपत्तियों को सरकारी तरीके से हड़पने की अपनी सोच को व्यक्त कर दिया है।

सैम पित्रोदा का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। ऐसे खतरनाक इरादे रखने वाली पार्टी को जनता ही सबक सिखाएगी

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का मंत्र है वे आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी लेकिन जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इनहेरिटेंट टैक्स का बोझ आपके बच?चों पर लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को अपनी जीवन भर की कमाई से अर्जित संपत्ति दें।

हमारा देश संस्कारों से, संस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्द्धन करने में विश्वास करते हैं, संरक्षित करने में विश्वास करते हैं। आज अगर हमारी प्रकृति बची है तो संस्कारों से बचा है। हमारे यहां घर में बूढ़े मां-बाप होंगे, दादा-दादी होंगे तो संभाल कर रखेंगी। खुद भी नहीं पहनेगी। वो सोचती है कि मेरी पोती की शादी होगी तो उसे देगी, नाती की शादी होगी कि उसे देगी। ये हमारे देश के लोगों का स्वभाव है। वो गर्व करके जिंदगी जीने में यकीन करते हैं। भारत के मूलभूत स्वभाव पर ये कांग्रेस पार्टी कड़ा प्रहार करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि जो अच?छे नेता थे वे कांग्रेस छोडकर जा चुके हैं। बाकी बचे लोग अपने आका को खुश करने के लिए देश की आम जनता की संपत्ति को लूटना चाहते हैं। आपके बच्चों का हक आज ही लूट लेना चाहते हैं। यह अभी की बात नहीं है, जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, जनता के हक का पैसा लूटा जाता रहा। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद आप लोगों के हक का पैसा, आप लोगों पर खर्च हो रहा है।

## वोटरों को वोट देने के लिए लगातार प्रेरित करें बीएलओ : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर साहू ने सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के 7 मई के मतदान को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग प्रमुख को बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी बीएलओ अपने क्षेत्र के वोटरों को वोट देने के लिए लगातार प्रेरित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की एवं तय समय सीमा में उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में समय सीमा में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग अंतर्गत मिट्टी नमूना जांच, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को शासकीय दफ्तरों के संबंध में विद्युत वितरण संबंधी आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर सूचित करने के लिए कहा। इसके अलावा पुलिस विभाग एवं जनपद सीईओ के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम द्वय वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर द्वय अनिकेत साहू, वर्षा बंसल सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे को बचाने के लिए जरुरी है मोदी सरकार की विदाई : दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फरमान जारी हो जाता है। अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान है। वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है।

उन्होंने कहा कि देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाये।

दीपक बैज ने कहा कि देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके। बुजुर्गो, छात्रों, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को मोदी सरकार ने मुनाफाखोरी के चक्कर में बंद कर दिया।

## कांग्रेस की सरकार दूर करेगी महंगाई और बेरोजगारी : ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा से सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गांवों के दौरे पर लगातार चल रही हैं। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उचलेंगा, मोरगा, खूंटामुड़ा, केंदई, कोटखर्री आदि गांवों में सांसद पहुंचीं। सरल व सहज सांसद को अपने बीच पाकर ग्रामवासी गदगद नजर आए। उन्होंने सांसद का परंपरागत स्वागत किया।



इस दौरान सांसद ने कहा कि आप सबको मिलकर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार लाना है और कोरबा में भी कांग्रेस को जिताना है। दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर मनरेगा के मजदूरों को दोगुनी 400 रुपए मजदूरी मिलेगी। गरीब परिवार की महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। सांसद ने कहा कि आज गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी बड़ी समस्या के रूप में देश के सामने खड़ी है जिससे कांग्रेस ही छुटकारा दिला सकती है। गरीबी दूर करने के लिए आप सभी मतदाता 7 मई को मतदान केन्द्र में जाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और सरकार चुनकर समस्याओं से छुटकारा पाएं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस को 5 साल का मौका देकर देखें, सबके लिए बेहतर न्याय और कार्य होगा। यदि फिर से भाजपा की सरकार बनती है तो इसके बाद कोई चुनाव नहीं होगा, क्योंकि वे संविधान को बदल देंगे। आदिवासियों और उनके जल-जंगल-जमीन पर खतरा मंडराएगा और अडाणी-अंबानी कोयला खोदेंगे।

जनसंपर्क के दौरान संजय दास, कैलाश दास, कृष्णा दास, देवी दास, श्याम दास, हीरा बाई, अनिला, हरमनिया, सीमा बिंझवार, सुमेर सिंह, नंदनी, लगन सिंह, वीर सिंह, शिवराम, बृजलाल, पुरूषोत्तम, अधीर साय, जानकी बाई, मंगली बाई, रशीदा बीबी, जैबुन, सुंदर सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, सुरेश कुमार, गंगाराम, मानसी सिंह, शशिकला, महिपाल सिंह, संग्राम सिंह आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरल व सहज सांसद ने मोरगा बाजार में लोगों को संबोधित करने के बाद खरीदारी करने भी निकल पड़ी। उन्होंने मनिहारी सामानों सहित सब्जी आदि की भी खरीदारी की। इस दौरान व्यवसायियों से उन्होंने चर्चा कर समर्थन मांगा।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं महिलाएं : भावना बोहरा

### महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाओं का बढ़ रहा आत्मविश्वास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के तहत ग्राम कुंडा में आयोजित महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं और महिलाओं को संबोधित कर लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं से भी भेंट किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महतारी वंदन योजना से आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के साथ ही सामाजिक न्याय भी मिल रहा है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर हर क्षेत्रों में माताओं-बहनों को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आज महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने महिलाओं को सैन्य, खेल, व्यापार, उद्योग और लोकसभा जैसे सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहन मिल रहा है।

भावना बोहरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील भाजपा सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।



प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है जिसकी 2 किश्त भी पारदर्शी तरीके से महिलाओं के खाते में सीधे ट्रांसफर की गई। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 3,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। पांच वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के विश्वास को तोड़ा, उनसे किये वादे केवल कागजों में ही रहें इसी का परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं ने विधनासभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सिरे से नाकारा और प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आईं एक बार फिर वह अवसर है जब छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर जनता पूर्ण विश्वास जताते हुए 400 पार के लक्ष्य में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की प्रचंड विजय में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएगी ।विगत पांच वर्षों के कुशासन से मुक्त होकर आज प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगी, हमारी सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार किसान ,गरीब,आम जनता, महिलाओं, युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### राज्यपाल हरिचंदन, प्रथम महिला सुप्रभा को मिली मतदाता पर्ची

**रायपुर (ए.)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन को रायपुर जिला प्रशासन ने बुधवार को मतदाता पर्ची का वितरण, राजभवन जाकर किया। साथ ही मतदान करने का आग्रह किया गया। मतदाता पर्ची का वितरण अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निधि साहू व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नंदकुमार चौबे द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि रायपुर में मतदान आगामी 7 मई को है।

### रायपुरा स्थित बघवा तालाब में बनेगा पाथवे और उद्यान

**रायपुर।** रायपुरा स्थित बघवा तालाब का बरसात से पहले गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां तालाब के चारों और पाथवे के साथ ही उद्यान भी बनाया जाएगा। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम



की टीम द्वारा यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर रही है। आज वहां कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा तथा उप अभियंता अर्जिता दीवान ने वहां जाकर कार्य कर रहे लोगों को दिशा निर्देश दिए। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब की गहरीकरण के साथ ही वहां रिटेनिंग वाल, पाथवे और उद्यान भी बनाया जा रहा है। ये सभी कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस हेतु आज ठेकेदार की हिदायत भी दी गई।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित


**कोरबा (ए.)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आमजनों की शिकायतों के समाधान हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

मॉडल अधीर-जया भगवानानी के साथ सीनियर सिटीजन, कपल्स, युवा वोटर करेंगे रैम्प वॉक

# मतदाता जागरूकता के लिए मरीन ड्राईव में स्वीप संध्या कल

**रायपुर (ए.)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने संचालित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 अप्रैल की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वीप संध्या का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात मॉडल अधीर भगवानानी और जया भगवानानी का रैम्प वॉक इस अवसर पर होगा, यही नहीं अविवाहित, विवाहित, वरिष्ठ मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही साथ तीन पीढ़ियों के सदस्य रैम्प वॉक कर सभी को मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या की शुरूआत मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 6:30 बजे होगी।

युवा वोटर्स, अविवाहित, नववधू, तीन




पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाले दादी, माँ, बेटी और दादा-दादी एवं पोता, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष व महिला मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग इस स्वीप संध्या में के रैम्प वॉक के प्रतिभागी होंगे। इसके लिए निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष के अविवाहित मतदाता, 01 वर्ष की नवविवाहिता मतदाता के साथ महिला पुरूष मतदाता वर्ग में पृथक-पृथक एक साथ तीन पीढ़ियां व ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांग मतदाता रैम्प वॉक कर मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या में भाग ले रहें प्रतिभागियों को शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है।

रायपुर जिला प्रशासन के इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में कोई भी प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम में स्वीप संध्या संबंधी क्रिएटिव में प्रदर्शित क्यू-आर कोड स्कैन कर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। विशेष प्रदर्शन कर मतदान जागरूकता का संदेश देने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। स्वीप संध्या से संबंधित अधिक जानकारी के लिए महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रितु परिहार दूरभाष क्रमांक 62667-94466 एवं अनुपमा तिवारी 98271-87140 से संपर्क कर सकते है।

# घर-घर पहुंचाएं मतदाता पर्ची : कलेक्टर

## कलेक्टर ने की मतदाता पर्ची वितरण की समीक्षा




### सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची वितरण कार्य की करें मॉनीटरिंग

**रायपुर (ए.)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्टर सभा कक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची वितरण कार्य की मॉनीटरिंग करें और गंभीरता के साथ कार्य करें। निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित की जाएं। मतदान बूथों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों में टॉयलेट, पंखा इत्यादि सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही मतदान केंद्रों में बड़े हॉल में मतदाताओं के लिए मतदाता प्रतिक्षा कक्ष का चिंहाकन किया जाएं। निर्धारित समय-सीमा में तेजी के साथ मतदाता पर्ची वितरण करने वाले बीएलओ को सम्मान भी किया जाएगा। सभी सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन तैयार करें। सेक्टर अधिकारियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी वीडियो भी तैयार किए गए है। जिसके माध्यम से भी सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में आसानी हो रही है। इस अवसर पर एआरओ मनोज कोसरिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव व वरिष्ठ अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण उनके निवास में किया गया। उन अफसरों को मतदाता पर्ची का वितरण एडीएम श्रीमती निधि साहू व एसडीएम नंदकुमार चौबे ने किया। साथ ही उन्होंने मतदान का आग्रह भी किया।

# प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा




### निर्माणाधीन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

**रायपुर (ए.)।** रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से अंडरग्राउंड केबलिंग, 24 घंटे जलापूर्ति योजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट की प्रगति की विस्तार से जानकारी लेकर जून माह की तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, मैनेजर (जी.आई.एस.) रंजीत रंजन, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मानव एकता दिवस पर किया रक्तदान



**रायपुर (ए.)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया। संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला।

मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफसे रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ। रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे। वहीं तिल्दा रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. रूपेश, डॉ. प्रेमा, डॉ. शरद चन्द्र, नूरानी खान, चकेश्वर पटेल, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, शिव साहू, हेमा कश्यप, सिद्धार्थ हेमा और राकेश शर्मा शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से यह दोनों रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

कृषि महाविद्यालय में कुलपति की प्रेरणा से हुआ ब्रह्माकुमारी बहनों का व्याख्यान

# नकारात्मक सोच से आती है आत्मविश्वास में कमी : अदिति

**रायपुर (ए.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग ने कृषि महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित कर आत्म विश्वास बढ़ाने की कला विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया।

अपने उद्बोधन में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए हमें अपने माईण्ड को सेट करने की जरूरत है। कान्फिडेन्स एक लेटिन शब्द है जिसका अर्थ होता है ट्रस्ट अर्थात विश्वास। स्वयं पर भरोसा करना ही आत्मविश्वास कहलाता है। उन्होंने छात्रों से जानना चाहा कि क्या हम खुद पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्म विश्वास को बढ़ाने के लिए सबसे पहले स्वयं की पहचान जरूरी है। आत्मा का ज्ञान होने पर ही आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकेगी। दूसरे लोग हमारे में बारे में क्या सोचते हैं यह हमें जानने की जरूरत नहीं है। बल्कि हमें अपनी योग्यताओं और विशेषताओं पर पूरा भरोसा होना चाहिए।



आत्मविश्वास में कमी होने के कारणों की चर्चा करते हुए उन्होंने बतलाया कि आत्म विश्वास में कमी तीन कारणों से होती है। पहला कारण है हीन भावना, दूसरा है नकारात्मक सोच और तीसरा कारण है - असफलता के लिए स्वयं को दोषी मानना। मैं ही गलत हूँ, मेरे कारण यह असफलता हाथ लगी है आदि। इस तरह की अपराध भावना से हमें नहीं जीना है। हमें ऐसी नकारात्मक सोच को दूर करना होगा। बीती हुयी बातों को भूल जाएं और कभी भी भविष्य में उस गलती को ना दोहराएं। अगले सत्र में ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने बतलाया कि सदैव याद रखें कि हम इस दुनिया में युनिक हैं। हमारे जैसा दूसरा और कोई नहीं हो सकता। इसलिए हमारी किसी से तुलना नहीं हो सकती। अपने लक्ष्य पर हमारी स्पष्ट नजर हो। बीती बातों का चिन्तन कर दुखी न हों और न ही भविष्य की चिन्ता करें। आज जो हमारे पास है उसका आनन्द लें। वर्तमान में जीना सीखें। उन्होंने अन्त में सभी को कमेन्ट्री करके राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. जी.के.दास, अधिष्ठाता छात्र कृयाण डॉ. संजय शर्मा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पी.के. सांगोड़े, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. सुनील नाग, डॉ. देव प्रकाश पटेल, डॉ. प्रताप टोप्पो, डॉ. एच.के. सिंग, डॉ. रामकुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी प्रीति जिंटा



प्रीति जिंटा अपने फैंस के लिए गुड न्यूज लेकर आई हैं। प्रीति जिंटा ने अपनी एक फिल्म के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। प्रीति जिंटा लंबे वक्त के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। प्रीति जिंटा ने अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए शूट भी शुरू कर दिया है। इस बीच प्रीति जिंटा ने फिल्म सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। प्रीति जिंटा ने हाल ही में आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म 'लाहौर 1947' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को ये गुड न्यूज दी है।

### 'लाहौर 1947' फिल्म के साथ वापसी करेंगी प्रीति

प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर सेट की चार तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में फिल्म के क्लिप बोर्ड पर आमिर खान प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड लिखा है। उसके नीचे 'लाहौर 1947' लिखा हुआ है। क्लिप बोर्ड पर आपको डायरेक्टर राजकुमार संतोषी का नाम भी दिख जाएगा। प्रीति जिंटा ने अपने पोस्ट में राजकुमार संतोषी के साथ भी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें दोनों हंसते हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। प्रीति जिंटा लंबे वक्त के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं।

### आखिरी बार 2018 के फिल्म में नजर आईं थीं प्रीति जिंटा

फिल्म में लीड रोल में प्रीति जिंटा के साथ सनी देओल नजर आएंगे। इससे पहले सनी देओल और प्रीति जिंटा 'हीरो: लव स्टोरी ऑफअ स्पाई' और 'फर्ज' जैसी मूवी में साथ नजर आए थे। प्रीति जिंटा आखिरी बार फिल्म 'भैयाजी सुपरहिट' में नजर आईं थीं। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में भी प्रीति जिंटा के साथ सनी देओल नजर आए थे। बता दें, ये पहली बार होगा जब सनी देओल, आमिर खान और राजकुमार संतोषी पहली बार एक साथ कोई फिल्म लेकर आ रहे हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म में विक्की कौशल, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, अली फजल, शबाना आजमी, मिथुन चक्रवर्ती और सनी देओल के बड़े बेटे करण देओल भी नजर आएंगे।

# क्या है आरती सिंह और दीपक चौहान का हनीमून प्लान

**आरती सिंह की शादी को लेकर लोगों के बीच बहुत एक्साइटमेंट देखने के लिए मिल रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने हनीमून और शादी के बाद की लाइफ के बारे में बात की। उन्होंने हनीमून प्लानिंग के सवाल का भी जवाब दिया।**



आरती सिंह की शादी से पहले प्री वेडिंग फंक्शन की फोटोज और वीडियोज लगातार सामने आ रही हैं। दुल्हनिया रानी अपनी शादी के लिए बहुत खुश हैं। साथ ही पूरा परिवार भी शादी के फंक्शन में एक साथ प्यारी सी मुस्कान के साथ नजर आ रहा है। फैंस के मन में सवाल उमड़ रहे थे कि क्या आरती शादी के बाद काम करेंगी। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान इस सवाल का जवाब दिया। साथ ही उन्होंने हनीमून के प्लान से भी पर्दा उठाया।

बात करते हुए आरती सिंह ने हनीमून के प्लान के बारे में बात करते हुए कहा कि फिलहाल हनीमून का कोई प्लान नहीं है। एक्ट्रेस कहती हैं कि उन्होंने हाल ही में घर शिफ्ट किया है और उन्हें सबसे पहले अपने घर को सजाना है। वो कहती हैं कि पहले मैं घर को सजाऊंगी, वहां अच्छा समय बिताएंगे, इसके बाद हनीमून का प्लान बनाया जाएगा।

### दीपक करते हैं आरती को मोटीवेट

आरती सिंह ने शादी के बाद की लाइफके बारे में बात की। वो कहती हैं कि वो शादी के बाद काम से ब्रेक लेने का नहीं सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा वो एक्सेप्ट कर लेंगी। साथ ही आरती ने कहा कि एक बार ब्रेक लेने से काम के बीच बहुत लंबा गैप आ जाता है। वो कहती हैं कि मेरे से ज्यादा दीपक भी मुझे काम करते हुए देखने के लिए एक्साइटेड है। एक्ट्रेस बताती हैं कि दीपक उन्हें हमेशा काम करने के लिए मोटीवेट करते हैं।

### आरती सिंह और दीपक चौहान की शादी की डेट

आरती सिंह और दीपक चौहान की शादी 25 अप्रैल को है। दोनों अपनी शादी के लिए बहुत खुश है। लंबे समय से दोनों एक दूसरे को जानते हैं। शादी के प्री वेडिंग फंक्शन में भी कपल की धांसू जोड़ी देखने के लिए मिली थी।

# लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से नवाजे गए अमिताभ बच्चन

बुधवार को अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इवेंट में बिग बी ने बताया कि बीते साल भी उन्हें इस इवेंट का न्योता मिला था लेकिन वो आ नहीं पाए थे। मुंबई में हुए इस समारोह में अमिताभ बच्चन के साथ म्यूजिशियन एआर रहमान को भी लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से नवाजा गया। अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बुधवार को मुंबई में हुए एक इवेंट में उषा मंगेशकर ने अभिनेता को पुरस्कार से नवाजा। इवेंट में बिग बी ने बताया कि उनके पिता और जाने-माने कवि हरिवंश राय बच्चन, लता मंगेशकर की आवाज की तुलना शहद की धार से करते थे। साल 2022 में स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन के बाद उनके परिवार और ट्रस्ट ने गायिका की याद में इस पुरस्कार की स्थापना की थी। समारोह में लता मंगेशकर के चारों भाई- बहन शामिल होते हैं और पुरस्कार प्रेजेंट करते हैं।

### एआर रहमान भी हुए सम्मानित

अमिताभ बच्चन के साथ म्यूजिशियन एआर रहमान को भी लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, अभिनेता रणदीप हुड्डा को एक विशेष पुरस्कार दिया गया। इवेंट में बिग बी ने स्पीच भी दी और कहा कि उन्हें यह पुरस्कार मिलना सौभाग्य की बात है।



### बिग बी ने खुद को बताया भाग्यशाली

अमिताभ बच्चन ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दी हैं। अपने करियर में उन्होंने 'जंजीर', 'दीवार', 'चुपके-चुपके', 'बागबान' और 'पीकू' समेत कई फिल्मों के लिए वाहवाही लूटीं। सम्मान मिलने पर बिग बी ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे आज ये पुरस्कार मिला। मैंने कभी भी खुद को इस तरह के काबिल नहीं समझता, लेकिन हृदयनाथ जी ने बहुत कोशिश की ताकि मैं यहां आ सकूं। उन्होंने मुझे पिछले साल भी इस समारोह के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन मैं नहीं आ पाया था।

### बीते साल भी मिला था न्योता

बिग बी ने आगे कहा, हृदयनाथ जी, मैं पिछली बार के लिए आपसे माफी मांगता हूं। मैंने तब आपको बताया था कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। मैं बिल्कुल ठीक था, लेकिन यहां नहीं आना चाहता था। इस साल मेरे पास कोई बहाना नहीं था, इसलिए मुझे यहां आना पड़ा।

### आशा भोसले समारोह से रहीं नदारद

लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार समारोह में मंगेशकर परिवार के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे, लेकिन आशा भोसले गायब रहीं। अस्वस्थ होने के कारण वो कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। बीते साल आशा भोसले को इस सम्मान से नवाजा गया था।

### सबसे पहले नरेंद्र मोदी हुए थे सम्मानित

लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार हर साल देश, उसके लोगों और समाज के लिए सराहनीय योगदान करने वाले शख्स को दिया जाता है। इस सम्मान से सबसे पहले साल 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नवाजा गया था। उनके बाद 2023 में आशा भोंसले को यह पुरस्कार दिया गया था।

## पूर्व पति रणवीर शौरी के ट्वीट से मची हलचल

# क्या अमोल को गुपचुप डेट कर रही हैं कोंकणा

**रणवीर शौरी के एक ट्वीट ने पूर्व पत्नी कोंकणा सेन शर्मा को लेकर एक सनसनी मचा दी है। रणवीर के ट्वीट इशारा कर रहा है कि कोंकणा को-स्टार अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। एक पैरोडी अकाउंट ने कोंकणा और अमोल को लेकर ट्वीट किया, जिस पर रणवीर शौरी ने कमेंट किया है।**

क्या कोंकणा सेन शर्मा, अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं, जिन्हें अब एक्ट्रेस के पूर्व पति और एक्टर रणवीर शौरी ने भी इनडायरेक्टली कन्फर्म कर दिया है। रणवीर शौरी ने एक ऐसा ट्वीट किया है, जिससे इशारा मिल रहा है कि कोंकणा सेन और अमोल पाराशर के बीच कुछ चल रहा है। कोंकणा के फैंस उस वक्त हैरान रह गए, जब अचानक ही ऐसी खबरें आने लगीं कि एक्ट्रेस अमोल पाराशर को गुपचुप डेट कर रही हैं।



हाल ही एक एक्स पर एक पैरोडी अकाउंट से एक ट्वीट किया गया। राजनेताओं और अन्य हस्तियों पर कटाक्ष करने के लिए मशहूर इस अकाउंट पर लिखा गया कि कोंकणा सेन शर्मा ने मोदी भक्त रणवीर शौरी को छोड़कर सेक्युलर अमोल पाराशर को डेट करने का सबसे अच्छा फैसला लिया।

अब एक्टर के इस कमेंट से हलचल मच गई। फैंस को लगने लगा है कि कोंकणा वाकई एक्टर अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है। एक यूजर ने लिखा, 'कोंकणा, अमोल को डेट कर रही हैं? ये कब हुआ' एक अन्य ने लिखा, 'यह किसी की निजी जिंदगी है. इसमें मत पड़ो दोस्त।' मालूम हो कि कोंकणा सेन शर्मा अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं और 'पेज 3' व 'वेक अप सिड' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। वहीं, अमोल पाराशर जाने-माने एक्टर हैं और फिल्म 'सरदार ऊधम' में शहीद भगत सिंह का रोल कर चुके हैं। वह भी लाइमलाइट से दूर रहते हैं। अमोल ने फिल्म 'डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे' में कोंकणा सेन के साथ काम किया था।

### कोंकणा सेन और रणवीर की शादी व तलाक

कोंकणा की बात करें, तो उन्होंने रणवीर शौरी को साल 2007 में डेट करना शुरू किया था, और 2010 में एक निजी समारोह में शादी कर ली थी। साल 2011 में वो एक बेटे के पैरेंट्स भी बने। लेकिन साल 2020 में कोंकणा सेन और रणवीर शौरी का तलाक हो गया। हालांकि दोनों आज भी अच्छे दोस्त हैं और मिलकर बेटे की परवरिश कर रहे हैं।

# आंवला खाएं, 1 महीने में ही मोटापा घटाएं

वजन बढ़ने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं।

वजन बढ़ने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं।

वजन कम करने के लिए खाना छोड़ देना और पसीना बहाना पुरानी तरकीब हो गई है। अब स्मार्ट तरीके से अपना वेट लॉस कर सकते हैं। सही फूड्स, कैलोरी इनटेक और नॉर्मल फिजिकल एक्टिविटी से सिर्फ 1 महीने में वजन कम कर सकते हैं।

इसमें आंवला आपकी मदद कर सकता है। इससे आप अपने वजन को तेजी से कम कर फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं। आइए जानते हैं आंवला खाने के क्या फायदे हैं।।।



आंवला खाने से बेली फैट तेजी से कम हो सकता है। इसमें फाइबर ज्यादा होने से भूख लंबे समय तक महसूस नहीं होती है, जिससे कैलोरी इनटेक कम होता है। हार्वर्ड के अनुसार, वेट लॉस के लिए फाइबर बढ़ाना काफी जरूरी है। यह फूड डायजेशन में सुधारकर फैट को बर्न करता है।

आंवला खट्टा होता है, जिससे इसका जूस पीना लोग ज्यादा पसंद करते हैं लेकिन इससे फाइबर नहीं मिल पाता है और वजन कम भी नहीं होता है। ऐसे में आंवले की चाय ज्यादा फायदेमंद है।

इसके लिए एक बर्तन में 4 कप पानी, 1 चम्मच आंवला पाउडर, 1 चम्मच सोंठ डालकर तब तक उबालें, जब तक पानी 1 कप न रह जाए। इसके बाद इसे एक गिलास में निकाल लें। उसमें हल्का काला नमक और शहद मिलाकर पिएं। डायबिटीज मरीजों के लिए यह काफी अच्छा माना जाता है।

आंवले में क्रोमियम पाया जाता है, जो खाने के बाद बढ़ने वाले शुगर को रोकता है। डायबिटीज में यह काफी फायदेमंद होता है। आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक को बढ़ाने का काम करते हैं। ब्लड फ्लो में भी सहायक होते हैं, जिससे चेहरा खिलता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O.
&
CLERK,
MBA,
RLY.,
SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया गया तृतीय परीक्षण

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा 23 अप्रैल 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का तृतीय परीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के तृतीय परीक्षण में निर्वाचन लडने वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी ए.एच. सिद्दीकी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के तृतीय परीक्षण के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) का 83 हजार 855 रूपए, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल का 21 लाख 38 हजार 273 रूपए, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय का 23 लाख 48 हजार 244 रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद का 25 हजार रूपए, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत का 25 हजार रूपए, न्यायधर्मसभा के अभ्यर्थी मती ललिता कंवर का 1 लाख 1 हजार 815 रूपए, तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली का 27 हजार 288 रूपए, मती त्रिवेणी पड़ोती का 12 हजार 712 रूपए, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम का 1 लाख 13 हजार 444 रूपए, भुवन साहू का 25 हजार रूपए, विशेष धमगाये का 13 हजार 774 रूपए, सुखदेव सिन्हा का 25 हजार रूपए अब तक व्यय हुआ है। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक टेकेन्द्र भट्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ओढ़ और आमामोरा मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल वायुसेना के हेलीकॉप्टर से हुए रवाना

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस के दो दिन पूर्व संवेदनशील एवं दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दो मतदान दलों को बुधवार 24 अप्रैल को ही रवाना कर दिया गया है। जबकि शेष सभी मतदान दलों को गुरूवार 25 अप्रैल को रवाना किया जायेगा। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा की मौजूदगी में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र आमामोरा- 77 एवं ओढ़-78 के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। बुधवार सुबह 11:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से दोनों मतदान केंद्र के लिए सुरक्षाधिकारी एवं मतदान दल सहित 16 सदस्यों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। जहां सुबह 11:20 बजे मतदान दल सुरक्षित पहुंच गया। इन दोनों मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि इन दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए युवा मतदान अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आमामोरा-77 के मतदान केन्द्र पर कुल 747 मतदाता है, इनमें 375 महिलाएं एवं 372 पुरूष मतदाता शामिल है। इसी प्रकार ओढ़-78 मतदान केन्द्र पर कुल 330 मतदाता है, इनमें 172 महिलाएं एवं 158 पुरूष मतदाता शामिल है। कलेक्टर अग्रवाल ने इससे पूर्व मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गुलदस्ता भेंटकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने जिले में निष्पक्ष, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

# देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती हैः मोदी

## कांग्रेस की नजर आपके आरक्षण पर ही नहीं बल्कि आपकी कमाई, मकान, दुकान, खेत - खलिहान, ज्वेलरी पर भी है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर/अंबिकापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-कर संबंधी बयान पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया और आगाह किया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह नया विरासत कानून लाएगी। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं और इसलिए अब वह अमेरिका की तरफरुख कर रहे हैं। श्री मोदी बुधवार को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अम्बिकापुर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आहूत विशाल जनसभा के संबोधित कर रहे थे।**



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या वह पित्रोदा के बयान से सहमत हैं? कांग्रेस अगर पित्रोदा की राय से इत्तेफाक नहीं रखती है तो उसे अपने घोषणा पत्र से इस मुद्दे को वापस लेना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि पित्रोदा का बयान कांग्रेस का मकसद साफ तौर पर जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस देश की जनता की निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालना चाहती है और 'देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार माइनॉरिटी और उसमें भी मुस्लिम लोगों का है' की मंशा को पूरी करते हुए इसका बँटवारा करना चाहती है, जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में कहा था। श्री मोदी ने कहा कि पित्रोदा ने अमेरिकी कानून भारत में लागू करके देशवासियों की सम्पत्ति हड़पना चाहती है। अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो पित्रोदा ने कहा है, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है और कांग्रेस दो टूक बता देगी कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस की सरकार माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी और जाँच करेगी, और फिर वह सम्पत्ति उनको बाँट देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाँटने की बात कह रही है, घुसपैठियों को बाँटने की बात कह रही है। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना देशवासियों को कतई मंजूर नहीं होगा। यह कांग्रेस की 'अर्बन नक्सली सोच' है। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया है और अब उनकी नजर देशवासियों की सम्पत्ति पर पड़ गई है। देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पुरानी यादों को जनता-जनार्दन के साथ साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाया तो अंबिकापुर में लाल किला बनाया था।

कांग्रेस के ईको सिस्टम है, जो आए दिन मोदी पर हमला करने के लिए जगह ढूंढते रहते हैं, उस पूरी टोली ने हमला बोल दिया था कि ये लालकिला कैसे बनाया जा सकता है? अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है। ये लाल किला का दृश्य बनाकर वहां से सभा होने पर तूफान मचा दिया था। लेकिन सरगुजा और छत्तीसगढ़वासियों की सोच के कारण मोदी लाल किले तक पहुंचा और राष्ट्र को संदेश दिया और आज फिर अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगने आया है। श्री मोदी ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को हटाने आशीर्वाद मांगा था और आप लोगों ने इसका मान रखा और सरगुजा से भ्रष्टाचारी पंजे को साफकर दिया। आज आप लोगों के आशीर्वाद से सरगुजा आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत तेजी के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कम समय में ही राकेट की गति से सरकार चलाई है। किसानों को दी गई गारंटी को पूरा किया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को ज्यादा पैसा दे रहे हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस तरह से कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है, उसे पूरा देश देख रहा है। जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है।


इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में ही लड़ती है, घोटाले करती रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता की लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आंतवाद फैला, नक्सलवाद बढ़ा। कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही से देश बर्बाद होता गया। भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं, जो लोग निर्दोषों को मारते हैं, लोगों का जीना हराम करते हैं, अगर वो मारे जाएँ तो ऐसे लोगों को शहीद बताते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो वे देश के शहीदों, वीरों का अपमान करते हैं। इसी कांग्रेस की एक बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। जब संविधान बन रहा था तब काफी चर्चा विचारण के बाद देश के सभी विद्वानों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण दलितों, आदिवासियों के नाम पर होगा। कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों, बाबासाहेब आंबेडकर की परवाह नहीं की।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने शहर के व्यापारियों ने की अनूठी पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। लोकतंत्र के उत्सव में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने एवं मजबूत, सशक्त, सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने राजनांदगांव शहर के व्यापारियों द्वारा अनूठी पहल की गई है। मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठानों द्वारा मतदाता ग्राहकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में स्वीप अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से मेसर्स बरडिया ज्वेलर्स सदर बाजार में ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इसी तरह मेसर्स डीके रेडीमेड गुड़ाखु लाईन, मेसर्स जलाराम स्वीट्स जीई रोड, मेसर्स मिठाई वाला लखोली चौक, मेसर्स जोधपुर स्वीट्स अनुपम नगर, मेसर्स शर्मा बेकर्स के सभी स्टोर्स एवं मेसर्स शिवम मार्ट कमला कॉलेज रोड में प्रत्येक मतदाता ग्राहक को प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने के लिए प्रत्येक मतदाता ग्राहक को मतदान केन्द्र के सामने ऊंगली पर स्याही के निशान के साथ सेल्फी फोटो दिखाना अनिवार्य होगा तथा विशेष छूट का लाभ मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए होगा।

व्यापारियों द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव को मनाने तथा राष्ट्र की उन्नति में सहभागी बनने के लिए मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना बहुमूल्य मतदान का प्रयोग करने की अपील की गई है।

# सावधानी पूर्वक करें ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य- कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। दोपहर कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्यों को सावधानीपूर्वक करें एवं प्रशिक्षण में किसी भी तरह की शंका होने पर उसे मास्टर्स ट्रेनर्स से पूछकर समाधान करें।**

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मशीनों की कमीशनिंग के दौरान संबंधित हाल में मोबाइल फोन, डिजिटल वॉच सहित किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक गजेट्स ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कमीशनिंग हाल से किसी भी तरह के कागज सहित सामान अपने साथ लाना भी वर्जित होगा। इन बातों का सभी सेक्टर ऑफिसर और उनके सहयोगी कर्मचारी विशेष ध्यान रखेंगे। इस दौरान उन्होंने मशीनों की एसेंबलिंग तकनीक, चालू करने और बंद करने से लेकर सीलिंग सहित विभिन्न पहलुओं की सुक्षमता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी सेक्टर ऑफिसरों को पूर्व में मशीनों में आए संभावित खराबी और उसके समाधान संबंधित सूची सभी सेक्टर ऑफिसर को उपलब्ध कराने की बात कही।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने ईवीएम और वीवीपैट कमिशनिंग के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से ईवीएम मशीनों दूसरा रेण्डमाइजेशन होगा। इसमें मशीनों को मतदान केंद्रों के अनुसार आबंटन किया जाएगा। इसके बाद 26 अप्रैल प्रातः 10 बजे से विधानसभा रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग केआईटी कालेज में और धरमजयगढ़ विधानसभा का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग होगी।

इस दौरान उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर्स को प्रातः 9 बजे तक यथास्थिति केआईटी एवं डाइड धरमजयगढ़ में पहुंचने के निर्देश दिए। कमीशनिंग में किसी भी तरह की लापरवाही होने से सेक्टर ऑफिसर्स के साथ मतदान दलों को परेशानी होगी। किसी भी तरह की गलतियां न हो इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण को अच्छी तरह से आत्मसात करें और मशीनों को चालू करने बंद करने, कनेक्ट करने, सिलिंग करने से लेकर एड्रेस टैग लगाने संबंधित छोटी सी छोटी बातों को ध्यान दे और अपनी डायरी में नोट करें।

# लोकतंत्र का महापर्व कल, मतदान वितरण समाग्री शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा ।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा से सुबह 06 बजे समाग्री वितरण शुरू हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे की उपस्थिति में आज बिलासपुर रोड स्थिति कृषि उपज मंडी में मतदान दल को समाग्री वितरण किया जा रहा है। समाग्री वितरण के बाद मतदान दल, समाग्री वितरण स्थल पर अपने निर्वाचन संबधी समाग्रियों का मिलान करते हुए नजर आ रहे है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 01, 02, 03 को निर्धारित समय में उपस्थित होकर सामाग्री प्राप्त कर रहे। वही दोनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सभी सेक्टर आफिसरों को भी समय पर उपस्थित हो कर अपने दलों से समन्वय बना कर मतदान दलो कि रवानगी के लिए तैयार कर रहे है। छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा निवार्चन के दूसरे चरण में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र क्रमांक 6 में 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे स्व शाम 6 बजे तज निर्धारित है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्री का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाए गए है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया।

उन्हांने कहा कि वितरण के समय और समान वापसी के समय सभी चीजों का संग्रहण करें और मिलान जरूर करें। भारत निर्वाचन अयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले में मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शुरू होगा। जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 411 मतदान केन्द्र के लिए गठित 411 मतदान दल को समाग्री का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 393 मतदान केन्द्र के लिए गठित 393 मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जा रहा है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के अंतर्गत जिले के दोनो विधानसभा में 42 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गए है। विधानसभा-71 पंडरिया में 21 और विधानसभा-72 कवर्धा में 21 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गएं है। जिले में 20 महिला मतदान केन्द्र, दो दिव्यांग मतदान केन्द्र और 10 युवा मतदान केन्द्र भी बनाएं गए है। खास बात यह है कि इन सभी 20 महिला मतदान केन्द्र में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार इन दोंनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के अंतर्गत कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य कराने के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गई है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### जगदलपुर में भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के आमागुड़ा, कुम्हारपारा, पथरागुड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों आड़ावाल, सेमरा, करकापाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि यह भूकंप रात 8 बजकर 5 मिनट पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने मैन्युअल तरीके से गणना करके बताया कि जगदलपुर से 2 किमी दूर उत्तर पूर्व में 5 किमी गहराई पर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके बाद मोहल्ले में रहने वाले लोग डर के चलते घर से बाहर आकर खड़े हो गए।

मौसम विभाग के मौसम वैज्ञनिक एचपी चंद्रा ने बताया कि बुधवार की दोपहर हैदराबाद से 30 किमी दूर 1 बजकर 30 मिनट में तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जबकि यह 2.6 की रफ्तार से आया हुआ था। अभी जगदलपुर में आये भूकंप के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। जब इसकी जांच की जाएगी तो पूरी जानकारी उपलब्ध की जाएगी।

### 39 किलो गांजा के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे स्टेशन गेट




नम्बर 2 के पास से पुलिस ने 39 किलो गांजा के साथ 3 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के निवासी है। आरोपियों के खिलाफगंज थाना में नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल 23 अप्रैल को थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 2 पास कुछ व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू ने थाना प्रभारी गंज निरीक्षक दीपक पासवान को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ पकड़ने निर्देशित किया। थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम ने मुखबीर के बताये हुलिये के 3 व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा।

### छोटे भाई की हत्या कर फरार बड़ा भाई हुआ गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. ) ।** राजधानी रायपुर में मामूली विवाद में रिश्तों के कत्ल का मामला सामने आया है, जहां बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला सरस्वतीनगर इलाके के कोटा का है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर छोटे भाई से लड़ाई कर उसकी हत्या कर फरार बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात दस बजे घरेलू बात को लेकर अजय क्षीरसागर (45) की अपने छोटे भाई नीरज क्षीरसागर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि अजय ने अपने छोटे भाई नीरज के सिर पर लकड़ी के पटिया से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया था। सबसे बड़े भाई मनोज क्षीरसागर ने घायल नीरज का घर में घरेलू इलाज कराकर उसे कमरे में सुला दिया था। मंगलवार की सुबह 7.45 बजे नीरज की मौत हो गई थी। मनोज की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अजय वहां से भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। हमले में इस्तेमाल पटिया को जब्त कर पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज कर आरोपित को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया।

### बारात लेकर दुल्हन लेने पहुंचा तो प्रेमिका ने किया बखेड़ा

**गौरेला-पेडा।** दूल्हा बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचा ही था कि तभी उसके होश उड़ गए। उसकी प्रेमिका भी वहां आ गई और उसके अरमानों पर पानी फेर दिया। प्रेमिका ने मौके पर अपने गर्भवती होने की बात भी बताई। इसके बाद लड़की वालों ने पुलिस के सामने ही दूल्हे और बारातियों से माफी मंगाकर सार्वजनिक रूप से दंड बैठक लगवाई। मामला गौरेला थाना क्षेत्र के तरईगांव का है। जहा पेण्ड्रा थाना क्षेत्र अमारु गाव के रहने वाले अजय यादव की शादी गौरेला थाना क्षेत्र के तरईगाव में रहने एक परिवार के साथ तय हुई थी दुल्हा अजय और उसके परिजन बारात लेकर धूमधाम से दुल्हन लेने तरईगांव पहुचे। शादी की रस्में शुरू होने ही वाली थी कि तभी दूल्हे अजय यादव की प्रेमिका शादी समारोह में पहुच गई और हंगामा करने लगी। उसने बताया कि अजय यादव से वह 3 माह के गर्भ से है। इसके बाद वर व वधु पक्ष में बवाल मच गया। गहमागहमी के बीच दूल्हे और बारातियों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए दंड बैठक लगाई, जिसके बाद बारात वापस लौट गई।

# पुरानी रंजिश में बीए के छात्र पर जानलेवा हमला

## पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में आधा दर्जन बदमाशों ने बीए के छात्र पर जानलेवा हमला कर दिया। पुरानी रंजिश में छात्र को इतना पीटा की वह बेहोश हो गया। लहूलुहान हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद नेवई पुलिस एक्टिव हुई और 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकला और कान पकड़कर माफी मंगवाई। सभी आरोपियों को विधिवत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

दरअसल यह पूरा मामला 22 अप्रैल की रात का है। शिव नगर नेवई भाठा निवासी विशाल साहू बीए अंतिम वर्ष का छात्र है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि जवाहर साहू एवं उसके भाई हर्ष साहू के साथ पूर्व में उमरपोटी में झगडा विवाद हुआ था। इस पर इन तीनों ने जान से मारने की धमकी दी थी। 22 अप्रैल की रात लगभग 9:30 बजे विशाल साहू टंकी मरौदा से अपने घर लौट रहा था। जलाराम चौक नेवई भाठा में हर्ष साहू, जवाहर साहू अपने अन्य दोस्त प्रियांशु, करण, अज्जु, राज साहू के साथ खड़ा था।

विशाल साहू को देखते ही हर्ष व जवाहर ने गाली देना शुरू कर दिया। जब विशाल अपने घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद हर्ष साहू व जवाहर साहू अपने दोस्तों के साथ धारदार हथियारों के साथ घर में घुसे और तो पीछे से वे भी घुसे और विशाल को डंडे व तलवार नुमा हथियार से पीटने लगे। इस दौरान मनीष साहू नाम के युवक ने बीच बचाव किया तो उसे भी गाली देकर भगा दिया। इस दौरान विशाल की मां फुलबासन पहुंच गई तो सभी धमकी देते हुए भाग गए।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। गंभीर रूप से घायल विशाल साहू को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में हर्ष साहू, जवाहर साहू, प्रियांशु, करण, अज्जू व राज साहू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से कान पकड़कर माफी मंगवाई और पैदल भी घुमाया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 294, 307, 452, 506(बी) के तहत कार्रवाई की।

## बैकुंठधाम में बेखौफ बदमाशः वाट्सएप से बेटी की डीपी हटाने पर कटर से किया वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बैकुंठधाम कैंप-2 में बदमाश बेखौफ हो गए हैं। दिन दहाड़े किसी पर भी जानलेवा हमला कर देते हैं। बुधवार को बदमाशों ने एक शख्स पर जानलेवा हमला कर दिया। शख्स का दोष इतना था कि उसने वाट्सएप की डीपी से अपनी बेटी की फोटो हटा दी। दरअसल बदमाश डीपी की फोटो को देखकर अश्लील हरकतें कर रहे थे। शख्स ने उन्हें समझाया तो कटर से वार कर दिया। फिलहाल छावनी पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठधाम वार्ड 33 निवासी जयप्रकाश चौहान पर जानलेवा हमला हुआ है। पुलिस के अनुसार जयप्रकाश चौहान ने बताया कि यहां के कुछ बदमाश अक्सर उसकी बेटी से छेड़छाड़ करते हैं। बेटी की फोटो वाटसएप की डीपी से निकालकर इधर उधर दिखा रहे थे। यह देख जयप्रकाश ने डीपी से अपनी बेटी की फोटो हटा दी और बदमाश युवकों को ऐसा न करने की समझाइश दी। इस मनचले आग बबूला हो गए और जयप्रकाश चौहान का सर फेड़ दिया। यही नहीं कटर से चेहरे और हाथ पर वार किया है जिससे पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। जय प्रकाश चौहान को तत्काल लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। अस्पताल में उनका इलाज किया गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही है।

## कैप्सूल वाहन ने मारुति वैन को मारी ठोकर, युवक की मौत और एक की हालत गंभीर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ति जिले में बुधवार देर रात को बड़ा हादसा हो गया। रामनवमी के मेले से लौट रहे पिता पुत्र की वैन को पीछे से एक कैप्शूल वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में पुत्र की मौत हो गई वहीं पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और शव को सड़क पर रख प्रदर्शन किया। घटना की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर जाम खत्म कराया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लालीमाटी निवासी सुरेश कुमार खुटे अपने पुत्र रूपेंद्र खूटे के साथ ओमनी वैन में बैठकर डभरा में चल रहे रामनवमी मेले में जूस बेचने गया था। बुधवार की रात को वह अपने बेटे रूपेंद्र को लेकर घर वापस लौट रहा था। इस दौरान रात 2 बजे अमाकोनी और भेड़ीकोना पुल के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन के चालक ने ओमनी वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। कैप्शूल वाहन की ठोकर से ओमनी वैन की परखच्चे उड़ गए। वहीं ठोकर मारने के बाद कैप्शूल वाहन पुल के नीचे नदी में जा गिरा। कैप्शूल वाहन के ड्राइवर का पता नही चल सका है। हादसे के बाद आसपास भीड़ जमा हो गई। वैन के अंदर बैठे बैठे पिता-पुत्र को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां रूपेंद्र खूटे को जांच उपरांत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पिता सुरेश कुमार खुटे की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है

### प्रचार को निकली भूपेश की गाड़ी की हुई जाँच

**कवर्धा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल की गाड़ी की लोकसभा चुनाव के तहत जांच की गई। एफएसटी और पुलिस की टीम द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के कार को रोककर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान टीम को कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। आपको बता दें कि भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और इस दौरान वे क्षेत्र के गांवों में लगातार प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं।

## कोलकाता में बैठकर ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे 5 अंतरराज्यीय समेत 8 गिरफ्तार

**रायुपर ( ए. )।** आईपीएल का सीजन चल रहा है, और इसके साथ ही सटोरिये भी सक्रिय हैं। हर मैच पर लाखों-करोड़ों का दांव लगता है। वहीं रायपुर पुलिस इन सटोरियों के नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। ऐसे ही एक मामले में रायपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिम बंगाल से कई सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप-मोबाइल सहित कई बैंक के पासबुक व एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। वहीं कई खतों में लाखों रुपए जमा हैं। मामला गंज थाना का है।



दरअसल 22 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित सत्कार होटल गली पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेला रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को व्यक्ति को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेलना पाया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कुछ मोबाईल नंबरों के धारकों से लाईन लेकर ऑनलाईन सट्टा खेलना बताने के साथ ही मोबाईल नंबर के धारकों को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में होना बताया गया।

एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की टीम थाना माना के प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतु पूर्व से कलकत्ता पश्चिम बंगाल में उपस्थित थी। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने कलकत्ता में कैम्प कर रहीं टीम को सटोरियों पर कार्रवाई करने निर्देशित किया। जिस पर टीम ने न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में रेड मारी। इस दौरान फ्लैट में 8 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप व मोबाईल फोन के माध्यम से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान रेड्डी अन्ना एप एवं ऑन लाईन माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने के साथ ही इसका मुख्य सरगना समता कालोनी आजाद चौक रायपुर निवासी मोहित सोमानी को होना बताया गया।

8 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 लैपटॉप, 36 मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 12,00,000 रुपये तथा 24 बैंक पास बुक एवं 24 एटीएम कार्ड जप्त किया गया है। सटोरियों के पास 1 दर्जन से अधिक बैंक खाते है, जिनमें सट्टों के पैसों का लेन-देन होता था तथा इन खातों में लाखों रूपये जमा है, के विरुद्ध विधि अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 188/24 धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण का मुख्य सरगना मोहित सोमानी फरार है, जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश वाधवानी पिता जगदीश कुमार वाधवानी 26 साल निवासी चौबे कालोनी लाईफ बर्थ अस्पताल के सामने थाना आजाद चौक रायपुर। जयप्रकाश जोशी उर्फ जेपी पिता विनोद कुमार जोशी 32 साल निवासी प्रिंस स्कूल के पास शिव कालोनी पालवास रोड वार्ड नंबर 21 थाना कोतवाली जिला सीकर राजस्थान। प्रफुल्ल मार्टिन पिता स्व. सुशील मार्टिन 28 साल निवासी सीएमएस चर्च कम्पाउण्ड मकान नंबर 200 नेहरू वार्ड धामापुर थाना धामापुर जिला जबलपुर (मप्र)। फैलिक्स मारियान पिता पाल मारियान 34 साल निवासी सी एम एस चर्च कम्पाउण्ड मकान नंबर 289 नेहरू वार्ड धामापुर थाना बेलबाग जिला जबलपुर (मप्र)। आशीष हैरी पिता बेन्जामिन हैरी 35 साल निवासी न्यू शोभापुर मकान नंबर 2015/02 थाना रांजी जिला जबलपुर (मप्र)। रेशू कुमार उर्फ गोलू पिता नागेन्द्र सिंह यादव 21 साल निवासी गोखुला सरकारी स्कूल के पास थाना बीदूपुर जिला वैशाली बिहार। सोहन सेन उर्फ रॉकी पिता बोधन सेन 24 साल निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा मयूर स्कूल के पास थाना भाटापारा शहर जिला बलौदा बाजार। किशन सबनानी पिता लक्ष्मण सबनानी 23 साल निवासी लाखेनगर शुभ कदम के सामने वाली गली थाना आजाद चौक जिला रायपुर।

# पाली की देशी शराब दुकान से 2.93 लाख की लूट

## हथियार बंद बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा के पाली थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। यहां देशी शराब की दुकान में नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। फिल्मी अंदाज में सेल्समेन की कनपटी पर बंदूक रखकर बदमाश दो लाख 93 हजार नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश करती रही, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला है।



जानकारी के मुताबिक, घटना रात करीब 9.45 बजे की है। कर्मचारी जब दुकान बंद करने की तैयारी में थे, तभी बाइक पर सवार होकर तीन युवक देशी शराब दुकान के सामने पहुंचे। तीनों युवक का चेहरा गमछे से ढंका हुआ था। वे दनदनाते हुए सीधे शराब दुकान के भीतर जा घुसे। इनमें से एक दुकान के दरवाजे में खड़ा था, जबकि एक बदमाश ने कर्मचारी की कनपटी पर बंदूक रख दी। वहीं तीसरा रुपयों को समेटने में लगा रहा। कुछ ही मिनट के भीतर नकाबपोश बदमाश दो लाख 93 हजार रुपए नगदी को समेट कर फरार हो गए। उनके जाते ही कर्मचारियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आ गई। आला अधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी गई। इसके साथ ही पूरी रात संदिग्धों की तलाश की जाती रही, लेकिन किसी का सुराग नहीं मिल सका। इधर घटना की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग के अफसर भी पूरी रात दुकान में ही डटे रहे। बहरहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### आंधी-तूफान से पलटी नाव, मछुवारा लापता

**बिलासपुर।** जिले के मशहूर पर्यटन स्थल खूंटाघाट डैम में बुधवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। यहाँ मछली पकडने के लिए दो मछुवारे जलाशय में गए थे, तभी मौसम में आए बदलाव के कारण तेज हवाएं चलने लगी और मछुवारों की नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें दो मछुआरें राहुल कैवर्त और पंकज कैवर्त सवार थे। किसी तरह से राहुल तो बच गया लेकिन पंकज लापता है। रतनपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है। वहीं लापता मछुवारे की खोजबीन की जा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चूड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### निगम ने की नागरिकों से अपील: गीला, सूखा कचरा अलग-अलग दें, नही तो होगी अर्थदंड की कार्रवाई

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। बुधवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड 52 बोरसी महावीर खेल मैदान के पास जीरो वेस्ट सेंटर में साफसफाई एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,पीआईयू राहुल,सुपर वाइजर आशीष बघेल मौजूद थे।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर देने हेतु आम नागरिकों से लगातार अपील की जा रही है साथ ही उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू किया जाएगा। निगम द्वारा आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने अभियान शुरू किया जाएगा। दुकानदारों व घर के गीला सूखा कचरा लेने में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाही। ये लोग आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर इनके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथक्कीकण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है।इसी तरह गीले कचरो का पृथक्कीकरण के बाद एसएलआरएम सेंटर मे इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता।गौरतलब है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग पृथक किया जाता है।

### बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2024 के लिए पंजीयन 10 मई से

**भिलाई।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा दिनांक 10 मई, 2024 से 09 जून, 2024 तक स्कूली बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रषिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन दिनांक 10 मई, 2024 से 15 मई, 2024 के मध्य किया जायेगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2024 में शामिल 25 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़ागणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। 25 खेलों की सूची निम्न है- एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, षतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो-खो, नेटबॉल, भारोत्तोल तथा कुष्ती। इस प्रषिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रषिक्षण षिविर-2024 के 25 खेलों एवं षिविर हेतु विभिन्न खेल परिसरों की सूची निम्नलिखित है। पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम तथा बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में, टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस, इस्पात क्लब-खुर्सीपार में किया जाएगा।

## कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा ने साधा निशाना, विधायक रिकेश ने कहा-

# कांग्रेस की नजर लोगों की संपत्ति पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के घोषणापत्र पर भाजपा का हमला जारी है। भिलाई जिला भाजपा द्वारा बुधवार को इस संबंध में प्रेसवार्ता लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन व कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने प्रेसवार्ता में बताया कि भाजपा का घोषणापत्र विकास को लेकर है और कांग्रेस अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति को हजम करने का बात करती है।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भिलाई में बुधवार को प्रमुख वक्ता प्रवक्ता मुकेश शर्मा जी वैशाली नगर विधायक रिंकेश सेन द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान पर जिला अध्यक्ष महेश वर्मा एवं जिला मीडिया प्रभारी रमेश साहू दादर उपस्थित थे। इस दौरान कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर एवं उनके द्वारा जारी घोषणा पत्र में कुछ बिंदुओं की आलोचना करते हुए विधायक रिकेश सेन व मुकेश शर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विधायक रिकेश सेन ने कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है। आपकी संपत्ति पर है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, किसके पास कितना धन है, किसके पास कितने मकान हैं, कांग्रेस सरकार उसकी जांच कराएगी। यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। विधायक सेन ने कहा कि जनता सोचे हमारी माता-बहनों के पास सोना होता है। वह पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी सुरक्षा करता है। अब इनकी नजर इस पर भी है। माता-बहनों का सोना चुराने के लिए यह सर्वे कराना चाहते है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है।

### इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सही ही कहा है। यही कांग्रेस की नीति और उनके घोषणापत्र का हिडेन एजेंडा है। उन्होंने 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफलड़ रहे थे। 2014 से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है।

### देश को लूटकर अपना साम्राज्य बनाया

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझती है। विधायक सेन ने कहा कि नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है। कांग्रेस वाले उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर कांग्रेस ऐसे ही सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टो जैसी है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है।

### देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र 2024 स्पष्ट है कि कांग्रेस जातियों और उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करेगी। आंकड़ों के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत किया जाएगा। विधायक सेन ने कहा कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में यह कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बैंक बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यकों को संस्थागत ऋण प्रदान करें। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले।

## हनुमान जयंती पर अनेक आयोजनों में शामिल हुए विधायक रिकेश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** पवनसुत हनुमान की जयंती पर शहर भर में विभिन्न समितियों और मंदिर सहित अनेक आयोजनों में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। सर्वप्रथम सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में श्री सेन पहुंचे और पूजन आरती पश्चात शांति नगर मैदान में जेंटलमैन ग्रुप द्वारा आयोजित हनुमान जयंती महाभंडारा में पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं को भोग वितरण कर कैम्प-2 रविदास नगर हनुमान जयंती, मछली मार्केट पावर हाऊस से मरोदा स्थित मंदिर में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए।

शाम को शांति नगर हनुमान मंदिर ध्वज यात्रा में शिरकत करने के बाद विधायक रिकेश सेन जुनवानी चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और यहां आरती पश्चात शोभा यात्रा में शामिल हुए। माडल टाउन बाम्बे आवास में आयोजित हनुमान जयंती कार्यक्रम पश्चात नेहरू नगर कालीबाड़ी में पूजा अर्चना कर विधायक ने भोग वितरण किया। यहां से संग्राम चौक केम्प-1 हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा में शामिल होने के बाद श्री सेन पुराना शिव मंदिर दुर्गा मंच वैशाली नगर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और भोग ग्रहण किया। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सेन द्वारा एक हजार वाहन दुर्घटना नाशक यंत्र का निःशुल्क वितरण किया गया।

## अजय भसीन की मुहिम से व्यापारियों में उत्साह : व्यापारियों को एकजुट कर 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन द्वारा व्यापारियों को मतदान के प्रति जागरूक करने चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निरतंर 46 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापारियों को संगठित कर शपथ दिलाई गई। इस अभियान में पुनः दूसरी बार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में व्यापारियों के साथ अलग अलग स्थानों पर बैठक ली गई और शपथ दिलाई।**



अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया की राजनांदगांव में व्यापारियों के साथ पहले मतदान फिर दुकान का संकल्प लिया गया। व्यापारियों को शपथ दिलवाई गई कि हम सब व्यापारी पहले मतदान करेंगे फिर दुकान की ओर प्रस्थान करेंगे। अपने स्टाफको मतदान के लिए छुट्टी देंगे एवम उसके परिवार को भी मतदान के लिए प्रेरित करंगे।इसके अलावा दुकान में आने वाले ग्राहक व उनके परिवार को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करेंगे। राजनांदगांव के व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय दिया सभी ने संकल्प लिया कि इस बार व्यापारियों द्वारा मतदान का प्रतिशत निश्चित बढ़ेगा।

कार्यक्रम संयोजक राजा माखीजा ने बताया व्यापारी मतदान का प्रतिशत बढ़े इस विषय पे लामबंद हो गए है व्यापारी इस बात को समझ चुके है कि मतदान में व्यापारियों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। इस अभियान में महिला चेम्बर ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने भी शपथ लेकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया। मुख्य रूप से अजय भसीन, राजा मखीजा, उत्तम गेडिया, मनोज वैद्य, कोमल राजपूत, सुनील मिश्रा, शिव राज शर्मा, अखराज ओस्तवाल, मनोहर कृष्णानी व अनेक सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## रिसाली के 28 वार्डो में 64 कर्मचारी कर रहे डोर टू डोर व्यवस्था पर निगरानी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रिसाली।** एस एल आर एम सेंटर की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने आयुक्त मोनिका वर्मा एक्शन में है। बुधवार को उन्होंने निगम के 70 से भी अधिक अधिकारी कर्मचारियों को अल सुबह बुलाकर सीधे फिल्ड ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अधिकारी कर्मचारी वार्ड में डोर टू डोर व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि फिल्ड ड्यूटी करने वाले निगम के अधिकारी कर्मचारी कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ साथ भ्रमण करेंगे। गीला व सूखा कचरा अलग अलग नहीं देने पर नागरिकों को समझाएंगे। इसके बाद ही कचरा लेकर उसे एस एल आर एम सेंटर पहुंचाया जाएगा।फिल्ड में कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात का भी ध्यान रखेंगे कि कचरा कलेक्शन करने वाले वाहन चालक किसी तरह की लापरवाही तो नहीं कर रहे है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त पिछले 15 दिनों से वार्ड विजिट पर थी। शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को देखने के बाद उन्होंने नए सिरे से प्लान तैयार की है।

आयुक्त ने सफाई व्यवस्था की निगरानी करने सब को देर शाम सूचना दी। उन्होंने सभी को सुबह 6 बजे दशहरा मैदान रिसाली में उपस्थित होने कहा। कई अधिकारी कर्मचारी सुबह हड़बड़ाहट में पहुंचे, और सीधे अलग अलग वार्ड में रवाना हुए। आयुक्त ने पहले 28 वार्ड को 13 सेक्टर में बाटा और 64 कर्मचारियों पर नजर रखने 13 अधिकारियों को जिम्मेदारी दी।

आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में डोर टू डोर व्यवस्था ठप है। कचरा कलेक्शन वाले मिक्स कचरा को सीधे एस एल आर एम ले जाते है। वहा से ठेकदार कचरा को अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कर रहे थे। कचरा कलेक्शन सही होने पर एस एल आर एम सेंटर व्यवस्थित होगा। वही कचरा निष्पादन में सुविधा होगी। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण अवकाश नहीं लेगा। इसकी निगरानी वे खुद करेंगी। बिना बताए छुट्टी मारने पर वेतन कटौती की जाएगी। अधिकारी कर्मचारी हर रोज सुबह 6.30 से 9.30 तक अपने अपने प्रभार वाले वार्ड में रहेंगे। आयुक्त ने शहर को साफ सुथरा रखने सभी पर सख्ती बरत रही है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा चिकित्सा शिविरों का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है।**

इसी के तहत 23 अप्रैल 2024 को ग्राम चंगोरी में तथा 24 अप्रैल 2024 को ग्राम अंडा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आदर्श इस्पात ग्राम चंगोरी में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 42 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

आदर्श इस्पात ग्राम अंडा में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 52 लोगों की जांच करके दवाई वितरण किया गया।

## कलेक्टर ने ली एफएसटी और एसएसटी की बैठक लोकसभा चुनाव को लेकर दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोकसभा निर्वाचन 2024 दुर्ग जिला अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल(एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के दल प्रभारियों की बैठक बुधवार को व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी, पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने निगरानी दल में तैनात सभी अधिकारी को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐसे जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि निगरानी दल के सभी सदस्य अपने जिम्मदारियों और दायित्वों को भलीभांति समझ लें। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एसएसटी दल अपने निर्धारित चेकपोस्टों में तैनात रहेंगे और अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अनावश्यक किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाए। साथ ही संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराते हुए पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रत्येक चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी दल 24म7 घंटे शिफ्टवाईस कार्यस्थल में उपस्थित रहेंगे। कार्यस्थल पर दूसरे शिफ्ट का अधिकारी नही आ जाता, तब तक पहले शिफ्ट का अधिकारी अपना कार्यस्थल को नही छोड़ते हुए वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल पूरी दल के साथ पहुंचकर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने को कहा।

व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि वाहनों के चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी कराते समय वाहन चालक का नाम, गाड़ी का नंबर, रजिस्टर में आवश्यक जानकारी की दिनांकवार एंट्री जरूर करें। सभी एफएसटी और एसएसटी टीम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालान करें। सभी निगरानी दल अलर्ट होकर चेकपोस्टों से होकर गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करें। निगरानी दल चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय जैसे सभा, जुलूस, रैली, रोड शो, आदि पर किए जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

## शासकीय स्कूल स्टेशन मरोदा भिलाई के बच्चों का साइकिल पोलो में दबदबा

### भावेश साहू को मिला सब जूनियर वर्ग के बेस्ट प्लेयर का खिताब

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मरोदा में राष्ट्रीय खिलाड़ियो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि भारतीय सायकल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, छत्तीसगढ़ सायकल पोलो संघ के कोच देवप्रकाश वर्मा थे। समारोह की अध्यक्षता प्रधान पाठक एल एस वर्मा ने की।

प्रधान पाठक एलएस वर्मा ने बताया कि दिनांक 28 से 30 मार्च 2024 तक नागपुर में आयोजित सब जुनियर बालक राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता में 8 में से 7 खिलाड़ी सनी चौधरी, भावेश साहू, सौरभ दास मानिकपुरी, सौरभ सिन्हा, भावेश निर्मालकर, तेजेश्वर देशमुख एवं लेखराम साहू एवं दिनांक 20 से 22 जनवरी 2024 तक उज्जैन में आयोजित सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय सायकल पोलो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में 8 में से 6 खिलाड़ी रागनी निर्मलकर, सुमन साहू, चंचल कश्यप, वेदिका साहू, भाग्यलक्ष्मी नाग एवं अंजली साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मरोदा के विद्यार्थी हैं। उन्होंने बताया कि बालिका वर्ग की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है वही बालक वर्ग ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके पूर्व भी विद्यालय के बहुत से खिलाडी छत्तीसगढ़ सायकल पोलो संघ के विनायक चन्नावार एवं चीफकोच देवप्रकाश वर्मा के मार्गदर्शन में सायकल पोलो की प्रशिक्षण लेते रहे हैं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल लाकर विद्यालय का नाम रोशन करते रहे हैं।

खिलाड़ियों ने कहा कि खेल संघ के पदाधिकारियों तथा गुरुजनों के प्रोत्साहन से ही आज हम देश में नंबर वन हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950